CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

हल्द्वानी, मंगलवार 12 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 352 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव के एजेंडे में नहीं है विकास: योगी

पेज 2



ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

खेल टाइम्स



शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

सम्पादकीय



फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

पेज 12

## एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे कई सांसद

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गई। विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गए थे। उन्होंने लिखा कि उड़ान पहले से ही विलंब थी। एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकड़ों यात्री थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

# वोट चोरी मुद्दा: 300 विपक्षी सांसदों ने किया चुनाव आयोग पर प्रदर्शन

## राहुल-प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया, दो घंटे बाद छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची संशोधन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की





**■ प्रदर्शन में दो महिला सांसद हुईं बेहोश**
**अखिलेश यादव ने बैरिकेडिंग फांदी**

लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।

### दिल्ली-NCR के नागरिक प्रशासन व स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी

# आवारा कुत्तों की नसबंदी करें: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनडीएमसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।



**■ अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट**

## कबूतरों को दाना डालने वालों पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** पशु प्रेमियों के बाद पक्षी प्रेमियों को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कबूतरखानों के मामले में सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेशों में दखल देने से इन्कार किया। अदालत ने कहा कि इस अदालत का समानांतर हस्तक्षेप उचित नहीं है। याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने के स्थान यानी कबूतरखाना से संबंधित आदेश में नगर निगम के आदेशों की अवहेलना करते हुए कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।






### संक्षिप्त समाचार

#### यूपी में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' 14 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार 14 अगस्त को सभी 75 जिलों में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 की त्रासदी को याद करना, युवा पीढ़ी को शिक्षित करना और बचे हुए लोगों के परिवारों के अनुभव साझा करना है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लोगों की स्मृति को सम्मानित करना है। विभाजन से प्रभावित परिवारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और इस दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

#### स्वामी प्रसाद मौर्य को थप्पड़ मारने वाले को 11 लाख इनाम

**रायबरेली।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य को बीते दिनों रायबरेली में एक युवक ने थप्पड़ मारने वाले युवक को 11 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। आरोपियों की पहचान शिवम यादव व रोहित द्विवेदी के नाम से हुई थी। रक्षाबंधन के दिन दोनों की जेल रिहाई हो गई।रिहाई के बाद रोहित द्विवेदी को आशीष तिवारी नाम के व्यक्ति ने पूर्व मंत्री को थप्पड़ मारने पर 11 लाख रुपये का चेक दिया है।इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने इनाम देने वाले लोगों पर तंज कसना शुरू कर दिया है और जिन दोनों आरोपियों ने हमला किया था उन्हें बीजेपी का गुंडा तक कह डाला। उन्होंने कहा कि ये सभी बीजेपी की गुंडे है। वे सही बोलने पर हमला करते है।

## गोरखपुर मामले को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में की नारेबाजी

# हंगामे की भेंट चढ़ी यूपी विस की कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को पहले दिन की कार्यवाही गोरखपुर मामले को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गई। मामले की जांच की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्य लगातार हंगामा करते रहे लेकिन सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान भी सपा के सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करते रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विपक्ष जानबूझकर एक ऐसे मामले को तूल दे रहा है, जिसका कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर अपना स्पटीकरण दे चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सपा विधायक लगातार वेल में आकर हंगामा करते रहे। खन्ना ने कहा कि विधानसभा के संसदीय इतिहास में आज पहली बार हुआ है जब पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी और सदस्य हंगामा कर रहे थे। ए अशोभनीय दृश्य था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले की जानकारी नहीं दी। उसके बाद भी विधानसभा अध्यक्ष ने रात्रि भोज दिया, उसमें भी वो शामिल हुए। कहने का मतलब है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार सदन चलाना चाहती है, लेकिन विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है।



■ गोरखपुर में सरकार ने बनवाई सड़कें, सपा ने अपने समय में नहीं किया काम

#### सपा का लोकतंत्र में विश्वास दिखावा मात्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

#### निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु एक समान हो

**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु का मसला उठाते हुए कहा कि निजी स्कूल तीन साल में प्रवेश ले रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ सरकारी विद्यालय पांच साल में बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को दो साल का समय अधिक लगता है और वो निजी स्कूल की तरफ बढ़ जाते हैं। ऐसे में सरकार से उनकी मांग है कि निजी व सरकारी स्कूलों के समय को एक किया जाए। वहीं शिक्षा को लेकर स्कूलों के मर्जर पर सपा के सदस्यों ने वॉकआउट भी किया। विधान परिषद में स्कूलों के मर्जर को लेकर सवाल उठाते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे ले जाती है, जबकि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, वार्ता

■ सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल पुराने मामले में सामाजिक कार्यकर्ता की सजा व दोषसिद्धि को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवम्बर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एनजीओ के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के कारावास की सजा सुनाई।

# यूपी विस में जनहित के मुद्दों पर होगी सार्थक बहस: मायावती

लखनऊ, वार्ता

बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार से शुरू हुए मानसून सत्र को लेकर विश्वास जताया कि चार कार्य दिवस का संक्षिप्त सत्र औपचारिकता मात्र नहीं रहेगा, बल्कि सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हो रहा मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना ज़रूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटूता आदि



को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। बसपा अध्यक्ष ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने पर चिंता जताते हुए कहा कि जन अपेक्षा के अनुसार संसद की कार्यवाही नहीं चलने से लोगों में चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है, उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की ज़रूरत है।

#### गूगल मैप से हो रही घटनाओं को लेकर होगी चर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हालांकि सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बीच बीएसपी के विधायक ने कहा है कि गूगल मैप की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का मामला मंगलवार को सदन में उठेगा। विधानसभा में बीएसपी के नेता और रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह ने नियम 56 के तहत इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि गूगल मैप द्वारा पुल और मार्ग संबंधी जानकारी को समय से अपडेट नहीं कर रहा है।

# अखिलेश यादव के एजेंडे में विकास नहीं: योगी

## सीएम योगी ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सदस्यों का स्वागत किया

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ए लोग हमेशा से ही विकास के खिलाफ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बात कही। इसके बाद सदन के भीतर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन की कार्रवाई में भाग लेने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूं। यहां पर जनता विकास से जुड़े जिन मुद्दों पर जनप्रतिनिधि चर्चा करते हैं देश के अंदर वो एक नजीर के रूप में देखी जाती



■ पिछले आठ साल के अंदर यूपी विधान मंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की :सीएम

है। योगी ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर यूपी विधानमंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस बार का सत्र जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से विधायिका किस प्रकार आगे बध्ती है। हम सब उपस्थित हुए। उन्होने कहा कि आज सत्र शुरू होगा और सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछे जाएंगे। सरकार की ओर से सार्थक जवाब उपलब्ध कराया जाएगा। बाढ़ से जुड़े मुद्दे और जलजमाव से जुड़े मुद्दे उठेंगे स्वस्थ्यशिक्षा के मुद्दों पर सरकार ने जो भी किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के साथ विकसित भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया ।विकसित भारत विकसित यूपी के लिए सरकार का विजन क्या है पहली बार इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि और 14 अगस्त को 24 घण्टे इस पर चर्चा होगी। इस विजन डाक्यूमेट को हर किसी की सहभागिता हो इस पर चर्चा करेगी। मेरी अपील है कि आठ साल के भीतर समाज के हर तबके को लेकर बेहतरीन प्रयास किया। उसकी चर्चा देश के भीतर हुई। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परशेप्शन में अंतर आया है। हम सभी प्रस्तावों का जो युवाओं और यूपी के विकास से जुड़े होंगे चर्चा हो। सार्थक चर्चा हो। मेरी अपील सभी प्रतिपक्षियों से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वो अनावश्यक न्यूजसेन्स क्रिएट करेंगे, तो जनता की अदालत में न्याय होगा। स्वाधीनता दिवस के पूर्व यूपी के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर संदेश देने का काम करेंगे। जब भारत 2047 में विकसित होगा, तो यूपी भी इसमें शामिल होगा। विकास के प्रति भाजपा और सरकार की प्रतिबद्धता है। उनकी नहीं है। विकास इनके एजेंडे में नहीं है, इसलिए ऐसे असंसदीय शब्दो का प्रयोग करते है।

सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55

सोना रु. 100201
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 114308
प्रति किलो

# सेंसेक्स व निफ्टी तेजी के साथ हुए बंद

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की 15 अगस्त को प्रस्तावित बैठक की खबरों से सोमवार को भारतीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत चढ़ गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक (0.93 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 0.91 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 221.75 अंक चढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक पिछले सप्ताह शुक्रवार को तीन महीने के निचले स्तर पर बंद हुए थे। ट्रम्प और पुतिन के बीच बैठक पर सहमति बन गई है। अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली



इस बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकलने की संभावना है। इस खबर से दूसरे एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी लिवाली रही। सेंसेक्स आज करीब 28 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का निचला स्तर 79,772.46 अंक और उच्चतम स्तर 80,636.05 अंक रहा। अंत में यह 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक लगभग आठ अंक की बढ़त के साथ 24,371.50 अंक पर खुला। इसका निचला स्तर 24,347.45 अंक और ऊपरी स्तर 24,600.85 अंक तक गया। अंत में 24,585.05 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर अन्य समूहों में तेजी रही।

रियलिटी, ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग समूहों में खूब लिवाली हुई। एनएसई का 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत चढ़ गया। विदेशों में एशिया का निक्केई 1.85 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.19 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 फीसदी की बढ़त में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला.जुला रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत की गिरावट और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था।

# सोने और चांदी की कीमतों में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी भी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है, जबकि मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। वहीं कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है, तो भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

# बुसान एक्सपो से जनवरी तक 1000 कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना

लखनऊ, वार्ता

दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक नगर बुसान के बेक्सको में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने अपने समृद्ध बौद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की। सम्मेलन में यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से रूबरू कराया।

एक्सपो के दौरान हुई वार्ताओं के क्रम में अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट में 1000 से अधिक कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना है। बुसान में आयोजित एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन पवेलियन का शुभारंभ भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव एवं हेड ऑफ चांसरी अनन्या अग्रवाल (आईएफएस-2013) और उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कोरियाई बौद्ध धर्म के सबसे सम्मानित भिक्षुओं में से एक सुबुल सुनीम की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु (पिपरहवा), संकिसा और श्रावस्ती जैसे प्रतिष्ठित बौद्ध स्थलों के संरक्षण और उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, भारत आकर इन स्थलों की तीर्थ यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने राज्य के भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का भव्य प्रदर्शन किया। यूपी की बौद्ध धरोहरों ने वैश्विक मंच पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पवेलियन में रोचक कहानियों, सांस्कृतिक प्रदर्शनियों और अनूठी सजावट ने विशेष रूप से लोगों को लुभाया। उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधिमंडल ने जोगए ऑर्डर के ले बौद्ध एसोसिएशन के अध्यक्ष जंग वोनजू से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में भारत यात्रा को प्रोत्साहित करने में जोगए ऑर्डर की संभावित भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। अयोध्या का विशेष उल्लेख किया गया, जहां आने में कोरियाई आगंतकों ने गहरी रुचि दिखाई। कोरिया की महारानी हियो वांग-ओक का जन्म अयोध्या में हुआ था, जिससे यह स्थान कोरियाई पर्यटकों के लिए विशेष ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

# धार्मिक स्थल को लेकर हिन्दू मुस्लिम आमने सामने

■ मकबरे को शिव मंदिर बताकर किया अनुष्ठान, पुलिस तैनात

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर हिंदू और मुस्लिम संगठन सोमवार को आमने-सामने आ गए। एक हफ्ते पूर्व से हिंदू संगठन मकबरे को शिव मंदिर बता कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कह रहे हैं।

विवाद की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने विवादित क्षेत्र को बैरीकेडिंग से कवर कर दिया था मगर आज दोनों पक्ष के हजारों लोग वहां पहुंच गए। भीड़ में प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेड को तोड़ दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि शहर के अबू नगर मोहल्ले में मकबरा और प्राचीन शिव मंदिर को लेकर हिंदू संगठनों और मुस्लिम संगठनों ने अपना-अपना दावा किया है एक हफ्ते पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर बात कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कही थी, उनके आह्वान पर प्रशासन ने मकबरे के पास से दूर से बैरिकेडिंग कर रखी थी और एक दर्जन थाने की फोर्स को तैनात कर दिया था। इस बीच भीड़ ने विवादित स्थल पर धार्मिक झंडा लगा दिया जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। प्रशासन ने झंडा तो उतरवा दिया है, लेकिन हिंदू और मुस्लिम संगठन लाठी डंडों के साथ अगल-बगल मौजूद हैं। सूचना पाकर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी अजय मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए हैं। भारी संख्या में पीएसी बुलाई गई है। अभी तक किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। डीएम रविंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह भी पर हैं।

# देश विरोधी ताकतों के दबाव में राहुल गांधी: चौहान

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया और अब चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं।

चौहान ने सोमवार को यहां जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि गांधी और इंडिया गठबंधन देश विरोधी ताकतों के दबाव में लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया, चुनाव आयोग को बदनाम किया, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया और सेना के शौर्य पर सवाल खड़े किए। चौहान ने कहा कि वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार झूठ बोल रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब



■ इंडिया गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे है: शिवराज

सेना ने सारे तथ्य सामने रखे तो उनकी बोलती बंद हो गई। पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण वह चुनाव हारते हैं, सबूत मांगे, तो सबूत दिए नहीं। उच्चतम न्यायालय ने बाद में फटकार लगाई, तो मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। अब ईवीएम छोड़ दिया, अब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर आ गए, अब मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी, कांग्रेस के नेताओं और इंडिया गठबंधन से पूछना चाहता हूं, क्या कर्नाटक में कांग्रेस मतदाता सूचियों की गड़बड़ियों के कारण जीती?

#### भाजपा का गठबंधन पर तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान की दुहाई देने वाले इंडिया गठबंधन के नेता देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। प्रधान ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता मतदाता सूची को लेकर शोरशराबा करके इसमें घुसपैठियों को शामिल करवाकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। ये लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनका दल, इंडिया गठबंधन के लोग, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी, जो आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं। सबसे ज्यादा संविधान विरोधी काम अगर कोई कर रहा है, तो उसके सरगना भी राहुल गांधी ही हैं। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम को लेकर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाते हैं।










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संवेदनशील क्षेत्रों में नहीं हो पाएंगे किसी भी प्रकार के निर्माण

## सीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण रोकने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, हिमस्खलन तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों को तत्काल चिन्हित किया जाए, ताकि संभावित खतरे से पहले ही सतर्कता बरती जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर किसी भी प्रकार की नई बसावट या नए निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान राज्य में आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।



**■ प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों व नालों के किनारे पर नहीं बनेंगे भवन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्राकृतिक जल स्रोतों और नदियों और नालों के किनारों पर किसी भी प्रकार का सरकारी या निजी निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं तथा इनके क्रियान्वयन की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से बचाव के लिए रोकथाम के उपायों को प्राथमिकता दी जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में जनहित को ध्यान में रखते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# पहला आधिकारिक बयान, 42 लोग लापता

## मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने सोमवार को दी हालात की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी/देहरादून।** धराली त्रासदी के सातवें दिन आपदा में लापता लोगों की संख्या को लेकर आधिकारिक बयान सामने आया है। गढ़वाल मंडल के कमिश्नर (मंडलायुक्त) विनय शंकर पांडेय ने बताया कि धराली आपदा में 43 लोग लापता हैं। बताया कि इनमें से एक शव भी बरामद हो गया है, यानि अब कुल 42 लोग लापता हैं। शेष लापता 42 लोगों में 9 सेना के कार्मिकों के साथ ही धराली गांव के 08 तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के 05 लोग शामिल हैं। टिहरी जिले का 01, बिहार के 13 और उत्तर प्रदेश के 06 व्यक्ति भी लापता बताए गए हैं। सोमवार को आपदा नियंत्रण कक्ष उत्तरकाशी में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में धराली आपदा



**■ आपदा पीड़ितों राहत एवं पुनर्वास के लिए बनाया जा रहा बेहतर पैकेज ■ 24 नेपाली मजदूर भी लापता, पहले उनके घर संपर्क करने की कोशिश ■ बारिश के प्रतिकूल मौसम के बावजूद भी जारी है रेस्क्यू अभियान**

को लेकर चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान एवं लापता लोगों की खोजबीन के प्रयासों के संबंध में गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने मीडिया को जानकारी दी। उनके साथ पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप भी शामिल रहे।

मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार धराली गांव के आपदा प्रभावित को तात्कालिक तौर पर पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि का वितरण शुरू किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रभावितों के लिए राहत एवं पुनर्वास का बेहतर पैकेज तैयार कराया जा रहा है। जिसके लिए सचिव राजस्व की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। आपदा से हुई क्षति का आकलन और प्रभावितों से वार्ता के लिए समिति के सदस्य आज उत्तरकाशी पहुँचेंगे।

मंडलायुक्त ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाकर 1278 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। प्रभावित क्षेत्र में फंसे सभी बाहरी लोगों एवं जरूरतमंद स्थानीय लोगों को वहां से निकाल लिया गया है। मलबे के भीतर दबे लोगों की खोज करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिसके लिए एनडीआरएफ की टीम सहित अलग से एक विशेष अधिकारी मौके पर तैनात है।

एसडीआरएफ के आईजी भी मौके पर कैंप कर रहे हैं। देहरादून से 10 विशेषज्ञ भू वैज्ञानिकों की एक विशेष टीम भी भेजी गई है। राहत एवं बचाव कार्यों तथा सर्च ऑपरेशन को तत्परता से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्र में ही कैम्प कर रहे हैं। प्रभावित लोगों को पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न, कपड़े व दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# जाली दस्तावेजों से अधिकार छीन रही भाजपाः हरीश

## नेपाल निवासी राजपूत वर्ग की मंजुला को अनुसूचित जाति का बता रही भाजपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ट नेता हरीश रावत ने भाजपा पर नेपाल निवासी राजपूत वर्ग की मंजुला देवी को अनुसूचित जाति का बता कर धारचूला ब्लॉक प्रमुख का पद कब्जाने का आरोप लगाया है।

हरीश रावत ने सोमवार को प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि धारचूला ब्लॉक प्रमुख का पद अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित है और कांग्रेस ने यहां से अनुसूचित जनजाति की महिला पूजा देवी पत्नी मुकेश सिंह ग्वाल को ब्लॉक प्रमुख का उम्मीदावार बनाया है। भाजपा ने मंजुला देवी पत्नी महेन्द्र सिंह



बुद्धियाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। आरोप है कि मंजुला जन्म से जनजाति नहीं हैं, जिन तथ्यों को आरओ के पास पूजा ने प्रस्तुत किया है, उससे स्पष्ट है कि मंजुला देवी एक सामान्य जाति की महिला है, जन्म के आधार पर उनकी जाति नेपाल में राजपूत वर्ग में आती हैं। उनके पिता गजेन्द्र सिंह बोहरा और माता सरस्वती बोहरा वृदु नाम वार्ड न.-4, गा.वि.स. व्यास, दार्चुला, नेपाल में दर्ज है। वहां के प्रशासन से इस संबन्ध में दस्तावेज भी प्राप्त कर पूजा ने रिटर्निंग आफीसर को प्रस्तुत किया है। इससे पहले मंजुला क्षेत्र पंचायत की सदस्य भी गलत दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण से बनी है। कांग्रेस उम्मीदरवार ने इस संबंध में भी आवश्यक तथ्य आर.ओ. के सामने रखे हैं। आरोप है कि भाजपा अनुसूचित जनजाति की महिला के स्वभाविक अधिकार को जाली दस्तावेजों के आधार पर छीनना चाहती है। दस्तावेज बताते हैं कि मंजुला देवी सामान्य वर्ग की महिला हैं। यह सरासर भारत के संविधान और संविधान के तहत पारित तद्संबंधी कानून का भी खुला उल्लघन है। भाजपा का यह कदम जनजाति विरोधी है। एक तरफ जनजाति की उच्च शिक्षित महिलाएं ग्राम प्रधान बन रही हैं, दूसरी तरफ भाजपा सामान्य वर्ग की महिलाओं का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनाकर जनजातियों के कानूनी अधिकार पर डाका डाल रही है। कहा कि भाजपा के इस दुस्साहस की निंदा करता हूँ और भाजपा के इस दुस्साहस के खिलाफ जाग्रत जनमत से आवाज उठाने की प्रार्थना करता हूँ।

### राहुल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना

**देहरादून।** वोट चोरी ओर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली में शांतिपूर्ण तरीके से प्रर्दशन कर रहे कांग्रेस सांसदों एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहरादून कांग्रेस मुख्यालय स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा के नीचे बारिश में बैठ विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि आयोग ने वोटर लिस्टों में भारी हेरफेर कर सीधे सीधे भाजपा की मदद की है जो कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक सिद्ध होगी। धरना देने वालों में मोहन कुमार काला प्रदेश प्रवक्ता, गुल मोहम्मद प्रदेश सचिव, जगदीश धीमान प्रदेश महासचिव,

# अवरूद्ध 245 में से 164 मार्गो को खोला गया

## महाराज के निर्देश पर पाबो, झंगरबो, गढीगांव, पिनानी सड़क को दुरुस्त करने का काम शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने भारी बारिश के कारण पाबो- झंगरबो- गढीगांव- पिनानी सडक के क्षतिग्रस्त होने पर जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

लोनिवि मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक महाराज ने बताया कि भारी बरसात से प्रदेश में कई जगहों पर भूस्खलन होने की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त होने से मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना मिल रही है। जनपद पौड़ी चौबट्टाखाल के अन्तर्गत पाबो- झंगरबो- गढीगांव-



पिनानी सडक के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही उसे ठीक कर कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। मौके पर सड़कों को खोलने के लिए मशीन में पहुंच चुकी हैं और सड़कों को दुरुस्त करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव की व्यस्तता के चलते वह क्षेत्र में नहीं जा पा रहे हैं लेकिन शीघ्र ही वह क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कुल 196 मार्ग अवरूद्ध हुये तथा 49 मार्ग कल के अवरूद्ध थे अर्थात कुल 245 अवरूद्ध मार्गों में से सोमवार तक 164 मार्गो को खोल दिया गया है। शेष 91 मार्ग अवरूद्ध है, जिसमें से 02 राष्ट्रीय राजमार्ग, 10 राज्य मार्ग, 08 मुख्य जिला मार्ग, 03 अन्य जिला मार्ग एवं 58 ग्रामीण मार्ग अवरूद्ध है। जिन्हें खोलने के लिये लगातार युद्धस्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि 514 मशीनें विभिन्न महत्वपूर्ण एवं मार्ग बन्द होने के सम्भावित स्थानों पर तैनात की गई हैं।

### राज्यपाल को दी उत्तरकाशी में चल रहे खोज व बचाव कार्यों की जानकारी

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट कर उत्तरकाशी में चल रहे खोज एवं बचाव कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल को अवगत कराया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ एसडीआरएफ, अग्निशमन, पीएसी के कार्मिक तैनात हैं, जो सेना, आईटीबीपी, बीआरओ, एनडीआरएफ सहित सभी एजेंसियों के साथ समन्वय कर युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं।

# उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल में ऑनलाइन होंगे फार्मासिस्टों के पंजीकरण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल में अब फार्मासिस्टों के पंजीकरण ऑनलाइन होंगे।सूबे के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल में ऑनलाइन पंजीकरण एवं नवीनीकरण सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से प्रदेश के सभी फार्मासिस्ट अब अपने पंजीकरण, नवीनीकरण, पंजीकरण स्थानांतरण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिये ऑनलाइन आवेदन कर



सकेंगे।

उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के.एस. फर्स्वाण ने बताया कि काउंसिल में अब तक सभी कार्य ऑफलाइन मोड में होते थे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले फार्मासिस्टों को समय और धन की हानि होती थी। ऑनलाइन प्रणाली लागू होने से यह परेशानी समाप्त होगी और प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी एवं त्वरित होंगी। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट काउंसिल की वेबसाइट पर ऑनलाइन सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में डी.फार्मा, बी. फार्मा, एम.फार्मा एवं फार्मा डी के कुल 27,860 फार्मासिस्ट उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल में पंजीकृत हैं। दूसरी ओर उत्तराखंड डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन सुविधा शुरू करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत का आभार व्यक्त किया।

# ग्लेशियरों की स्थिति पर सरकार ने तत्काल मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने महानिदेशक उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद प्रो. दुर्गेश पंत को धराली (उत्तरकाशी) के ऊपर अधिक ऊंचाई के क्षेत्र में ग्लेशियर और ग्लेशियर लेक आदि का तत्काल विश्लेषण कर यथास्थिति से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली झीलों और उनसे संभावित खतरों का तत्काल आकलन कर अवगत कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशभर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों को भी शामिल किए जाने की बात कही है। इस अवसर पर

### प्राथमिकता में तैयार की जाए विश्लेषण रिपोर्टः बर्धन

मुख्य सचिव ने कहा कि धराली और ऋषि गंगा जैसे सेंसिटिव क्षेत्रों को प्राथमिकता पर लेते हुए इनका विश्लेषण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि निकट भविष्य में इस प्रकार कोई अप्रिय घटना से होने वाले जान - माल के नुकसान को रोकने के लिए पूर्व से तैयारियां सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के ऐसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों, जहां किसी प्रकार की झील बनने या उसका विस्तार होने की आशंका है, को चिन्हित किया जाए। उन्होंने इस प्रकार के विश्लेषण लगातार किए जाने हेतु उत्तराखण्ड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (यू-सैक) को नोडल एजेंसी नामित किया। कहा कि प्रदेशभर में इस प्रकार का विश्लेषण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके लिए यू-सैक को मजबूत किया जाना अनिवार्य है।

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, युगल किशोर पंत एवं विनोद कुमार सुमन सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट (आईआरएसएस) सहित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) से हर प्रकार की सहायता और सामंजस्य के लिए उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (यू-सैक) ही नोडल एजेंसी होगी। उन्होंने कहा कि अधिक ऊंचाई में स्थित झीलों की मॉनिटरिंग के लिए सेंसर लगाए जाने के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने एनआईएच से भी इस सम्बन्ध में सहायता लिए जाने की बात कही।

# भाजपा के 4 जिपं अध्यक्ष व 11 ब्लॉक प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित

## पंचायतों में ट्रिपल इंजन देकर जनता ने लगाई धामी की विकास नीति पर मुहरः भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों पर बड़ी संख्या में पार्टी उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे न केवल जनता ने सीएम पुष्कर सिंह धामी की विकास नीति पर मुहर लगाई है, बल्कि विकास को और गति देने का मार्ग भी प्रसस्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसे गावों में विकास के ट्रिपल इंजन लगने का आगाज बताते हुए, संबंधित निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। भट्ट ने नामांकन के दिन ही बड़ी संख्या में पार्टी प्रत्याशियों की जीत को बहुप्रत्याशित बताते हुए कहा कि एक बात तो पहले से ही स्पष्ट थी कि प्रदेश की ग्रामीण जनता ने क्षेत्रीय विकास के लिए ही अपने मतों का इस्तेमाल करेगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज सभी 12 जिला पंचायत अध्यक्ष पद और 83 ब्लॉक प्रमुख पद पर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जिसमें बहुत खुशी की बात है, उत्तरकाशी में रमेश चौहान, चंपावत में आनंद सिंह अधिकारी, उद्यम सिंह नगर में अजय मौर्य और पिथौरागढ़ में जितेंद्र प्रसाद ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। इसी तरह क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की 11 सीटों पर इकलौती उम्मीदवारी से भाजपा का परचम लहराया है। शेष पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख पदों पर पार्टी अपने उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्व निर्धारित रणनीति पर अमल कर रही है। जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में उत्तरकाशी से रमेश चौहान, पिथौरागढ़ से जितेंद्र प्रसाद, उधम सिंह नगर से अजय मौर्या और चंपावत से आनंद सिंह अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह ब्लॉक प्रमुख पदों पर भी भाजपा का परचम लहराया, जहां चंपावत से अंचला बोरा, काशीपुर से चंद्रप्रभा, सितारगंज से उपकार सिंह, खटीमा से सरिता राणा, भटवाड़ी से ममता पंवार, डुंडा से राजदीप परमार, जाखणीधार से राजेश नौटियाल, चंबा से सुमन सजवाण, विकासनगर से नारायण ठाकुर, पाबौ से लता देवी और ताकुला से मीनाक्षी आर्य निर्विरोध चुनी गईं।

# देहरादून जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर गरमाई सियासत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद की लड़ाई इस बार और भी दिलचस्प हो गई है। भाजपा ने अपने भरोसेमंद चेहरे मधु चौहान पर एक बार फिर दांव खेला है, जबकि कांग्रेस समर्थित व निर्दलीय सदस्यों ने सुखविंदर कौर को मैदान में उतारकर सीधी टक्कर देने की रणनीति बनाई है। माहौल को और गर्माते हुए चकराता के दिग्गज नेता, पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक प्रीतम सिंह ने अपने बेटे अभिषेक सिंह को उपाध्यक्ष पद पर नामांकन

**■ भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, दिग्गजों के वारिस भी मैदान में**

दाखिल कराया है। भाजपा ने इस पद पर बीर सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया है।

राजनीतिक पंडित मान रहे हैं कि भाजपा का मधु चौहान पर फिर से भरोसा जताना अनुभव और संगठन में पकड़ का संकेत है, जबकि कांग्रेस ने सुखविंदर कौर को उतारकर महिला मतदाताओं और सिख समुदाय में पैठ बनाने की कोशिश की है। उधर, प्रीतम सिंह के बेटे अभिषेक का मैदान में उतरना न सिर्फ युवा ऊर्जा का संदेश है बल्कि यह कांग्रेस खेमे में संगठनात्मक मजबूती का भी संकेत है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि इस बार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं होगा। ब्लॉक स्तर के दावेदारों की लंबी सूची और भीतरखाने की जोड़तोड़ ने मुकाबले को त्रिकोणीय होने की संभावना भी बढ़ा दी है। चुनावी चौसर बिछ चुकी है, अब देखना होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है।




### ब्लॉक स्तर पर दावेदारों की फौज

**देहरादून।** जिला पंचायत चुनाव में सिर्फ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की ही जंग नहीं है, बल्कि ब्लॉक स्तर पर भी मुकाबला बेहद कड़ा होता दिख रहा है। चकराता ब्लॉक से आशा, पूनम। कालसी ब्लॉक से चंद्रकला व सावित्री देवी चौहान। सहसपुर ब्लॉक से अर्चना रावत व महजबीन कौसर। रायपुर ब्लॉक से घनश्याम सिंह नेगी, लेखराज व सरोजनी देवी। डोईवाला ब्लॉक से गौरव नेगी व मंजू नेगी ने नामंकन कराया है।

# भंडारीबाग आरओबी का काम जल्द पूरा किया जाएः बंसल

## रेलवे क्रासिंगों पर ओवर ब्रिज या अंडरपास बनाया जाए

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने सोमवार को सदन मे विषेश उल्लेख मे एक महत्वपूर्ण मांग उठाई।

डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि देश मे रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है । प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के सफलतम कार्यकाल मे इसके निरंतर सुधार व सुदृढीकरण व आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है जो प्रसंशनीय है। डा. नरेश बंसल ने सदन का ध्यान



आकृष्ट करते हुए कहा कि पूरे देश मे विषेशकर उत्तराखंड के देहरादून व हरिद्वार जिले से बहुत सी रेल यहां से निकलती हैं ,जो लोगो को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य करती है। बहुत सी रेलवे क्रासिंग हैं ,जो आज भी खुली है,जहां आम रास्ता है।इनमे से कई पर बैरियर सुविधा है,कई मानव रहित है। यहां पर दुर्घटनाओ की संभावनाए निरंतर बनी रहती है व समय-समय पर विभिन्न दुर्घटनाए हुई भी है।जिसमे लोगो की जानमाल की हानि हुई है । डा. नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि देहरादून स्थित भंडारीबाग आदि जो भी आरओबी अधूरे हैं, उन आरोबी का काम शीघ्र पूरा किया जाय व जिन रेलवे क्रासिंग पर आज भी बैरियर है या खुली है वहां एक अंडरपास या आरओबी बनाया जाए।

# प्रदेश में 1.63 लाख से अधिक महिलाएं बनीं 'लखपति दीदी'

## सशक्त बहना उत्सव योजनाः सीएम ने महिला स्वयं सहायता समूहों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सराहनीय कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया और उनसे संवाद भी किया। महिला समूहों की प्रमुखों ने अपनी सफलता के अनुभव भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री से साझा किए । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना का शुभंकर एवं लोगो लॉन्च किया तथा हाउस ऑफ हिमालयाज के नये उत्पाद एवं वेबसाइट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में



आयोजित कार्यक्रम में समूहों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य हुआ है। जब एक महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है, तो वह पूरे समाज को सशक्त बनाने का कार्य करती है। इस अवसर पर विधायक खजानदास, विधायक सविता कपूर, सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, आयुक्त ग्राम्य विकास अनुराधा पाल, अपर सचिव झरना कमठान तथा ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला समूहों ने सुनाई सफलता की कहानी

अल्मोड़ा की सीमा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर वे पिछले 5 वर्षों में 18 लाख रुपये की आमदनी कर चुकी हैं। बागेश्वर की दया दानू ने कहा कि उनके साथ 400 महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं और एक वर्ष में सबने मिलकर एक करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। चम्पावत की हेमा उपाध्याय ने कहा कि वे एग्रो टूरिज्म पर कार्य कर रही हैं। पॉली हाउस और होमस्टे के माध्यम से उन्हें हर साल 4 लाख रुपये की आय प्राप्त हो रही है। कोरोना के दौरान उन्होंने अपने पति के साथ रिवर्स पलायन किया था। चमोली की रेखा नेगी ने कहा कि स्टॉल के माध्यम से उन्हें स्थानीय उत्पादों पर अच्छी आय प्राप्त हो रही है। देहरादून की किरण राणा ने कहा कि उन्हें मशरूम उत्पादन से काफी फायदा हुआ है और उनके साथ 34 महिलाएं कार्य कर रही हैं। हरिद्वार की छवि ने बताया कि उन्होंने रेस्टोरेंट के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया था, जिस पर उन्हें 6 लाख रुपये की सब्सिडी मिली।

# भाजपा से शोभा आर्या ने कराया नामांकन

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर महामुकाबला, कांग्रेस से सरोज आर्या हैं मैदान में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी शोभा आर्या व उपाध्यक्ष की अधिकृत प्रत्याशी विशाखा खेतवाल ने अपना नामांकन करवाया है। दिनों प्रत्याशियों नामांकन पत्र भरकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी को सौंपे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी शोभा आर्या जिले के दो राज्य मंत्री शिव सिंह विष्ट व भूपेश उपाध्याय सहित अन्य नेताओं के साथ मिलकर जिला पंचायत में अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने नामांकन पत्र भरकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी को प्रपत्र सौंपे। बता दें कि जिला पंचायत सीट वज्यूला से निर्वाचित शोभा आर्या पत्नी भुवन चंद्र मूल रूप से गरूड़ के गड़खेत गांव की रहने वाली है। 38 वर्षीय शोभा की



शैक्षिक योग्यता 8वीं पास है। शोभा ने अपना नामांकन करवाने के पश्चात मीडिया को बताया कि उनका मूल उद्देश्य जिले का विकास करना है। कहा कि जिला पंचायत से होने वाले विकास कार्यों को जिले के प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के काम करेगी। इसी क्रम में भाजपा से उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार विशाखा खेतवाल पत्नी दीपक खेतवाल ने नामांकन पत्र जमा किया। 42 वर्षीय विशाखा चौरा जिला पंचायत सीट से निर्विरोध चुनी गई थी। एमए पास विशाखा ने बताया कि वे जिया पंचायत की अध्यक्षा व अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जिले के विकास कार्यों में अपना पूर्ण योगदान देंगी। इस मौके पर विधायक बागेश्वर पार्वती दास, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, इंद्र फर्स्वाण, संजय परिहार, विवेक भास्कर दास, दीपक जोशी, गिरीश खेतवाल, जनार्दन लोहनी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



**बागेश्वर।** जिला पंचायत में कांग्रेस पार्टी की जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सीमकुना सीट से निर्वाचित सरोज आर्या ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण जिलाध्यक्ष भगत डसीला के साथ जिला जिला पंचायत में पहुंची सरोज आर्या ने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी को सौंपा। 35 वर्षीय सरोज आर्या जिले में जिला जिलापंचायत के सभी सदस्यों में सबसे अधिक मतों से निर्वाचित होकर सदन में पहुंची है। उनके लोकप्रियता को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें अध्यक्ष पद का दावेदार बनाया है। 10वीं पास सरोज आर्या पत्नी विनोद कुमार मूल रूप से सीमकुना गांव की रहने वाली है। उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि जिस भरोसे के साथ जनता ने उन्हें चुना है, उसी भरोसे के साथ वह जिले का सर्वांगीण विकास करेंगी। उन्होंने बिना किसी वेद बाद भाव से चम्मुखी विकास करने का वादा किया। इसी क्रम में सात सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नवीन परिहार ने कांग्रेस के समर्थन में उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। 42 वर्षीय नवीन परिहार पुत्र खीम सिंह परिहार 10वीं तक पढ़े है। उन्होंने कहा कि वे विगत पांच साल बतौर उपाध्यक्ष पद पर रहकर विकास कार्य कर जनता का भरोसा जीता है। जनता ने उन्हें दूसरी बार चुनकर सदन में भेजा है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी विकास कार्यों में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाएंगे। इस मौके पर पूर्व प्रमुख राजेंद्र टंगड़िया, सदस्य गोपा धपोला, सुनील भंडारी, राजेंद्र सिंह, बबलू नेगी, विनोद पाठक, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### ब्लॉक प्रमुख पदों पर भी नामांकन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तीनों ब्लाकों में ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए प्रत्याशियों ने अपने अपने



समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरे। विकास खंड बागेश्वर में ब्लाक प्रमुख पद के लिए भाजपा से दीपा देवी व कांग्रेस से उमा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि ज्येष्ठ प्रमुख तीन सदस्यों ने दीपा, मनीष व हरीश चंद्र ने नामांकन पत्र जमा करवाए। वहीं कनिष्ठ प्रमुख में दो सदस्य दीपा देवी व हरीश चंद्र द्वारा नाम दाखिल किया गया। इसी क्रम में विकासखंड गरुड़ से ब्लॉक प्रमुख पद के लिए दो सदस्यों ने नामांकन पत्र भरे। कांग्रेस से देवेंद्र परिहार व भाजपा से किशन सिंह बोरा ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा व भगवान सिंह द्वारा दावेदारी कर नामांकन करवाया। वही कनिष्ठ प्रमुख में भगवती व ज्योति आर्या ने नामांकन पत्र भरे। उधर विकासखंड कपकोट में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए भाजपा से भावना शाही तथा कांग्रेस से वंदना ऐठानी ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं ज्येष्ठ प्रमुख के लिए कुंजर सिंह, निर्मला फर्त्याल व पूजा देवी ने नामांकन पत्र भरे। जबकि कनिष्ठ प्रमुख के लिए अनिता देवी, विक्रम सिंह खाती व सरोजनी देवी ने नामांकन पत्र भरे। इस दौरान तीनों ब्लाकों में सभी प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे।

## आसान नहीं अध्यक्ष बनने की राह निर्दलीयों पर भाजपा-कांग्रेस की नज़र

**महीप पांडेय**

**बागेश्वर।** जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष बनने की राह आसान नहीं लग रही है। किसके हाथ बाजी लगेगी कुछ कहना मुश्किल है, अध्यक्ष कौन बनेगा ये तस्वीर अभी साफ नहीं हो पाई है। भाजपा व कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत न होने के कारण अब निर्दलीय सदस्यों पर दोनों पार्टियों की नजर बनी हुई है। अध्यक्ष का बनाने का दावा दोनों पार्टियां कर रही है जबकि दिनों पार्टियों ने भीतर खाने कशमकश जारी है। बता दें कि जिला पंचायत में कुल 19 सदस्य हैं। पहली बार एक सदस्य निर्विरोध चुनी गई, जबकि 18 सीट पर कड़ा मुकाबला रहा। जिसमें से चार सीट निर्विरोध सदस्यों के हाथ लगी। ऐसे में भाजपा के पास 9 सदस्य बताए जा रहे है। वही कांग्रेस के पास 6 सदस्य है। जिला पंचायत सदस्यों की स्थिति साफ होने बाद से अब तक अध्यक्ष पद के लिए जोड़ तोड़ की राजनीति चल रही है। दिनों पार्टियां निर्दलीय सदस्यों को भुनाने में जुटी है। जबकि कांग्रेस ने एक निर्दलीय सदस्य को उपाध्यक्ष का पद देखकर अपने खेमे में कर लिया है। वही एक निर्दलीय सदस्य पर सदस्याता गंवाने का खतरा मंडराया हुआ है। कांग्रेस ने इसकी शिकायता सचिव त्रिस्तरीय निकाय पंचायत चुनाव आयोग से की है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि कुंदन ने तीसरा बच्चा होने की जानकारी निर्वाचन आयोग से छुपाई थी। दो दिन पूर्व सदस्य का दिल्ली में तीसरा बच्चा हो गया है। जबकि उस सदस्य ने कुछ दिनों पूर्व भाजपा की सदस्यता स्वीकार की थी। कांग्रेस ने उस सदस्य को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में मतदान से वंचित रखने की मांग की है। यदि आयोग ने उसे मतदान से रोका तो अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए लगाई और रोचक हो सकती है।

## एक नजर....

### सावन: अंतिम सोमवार मंदिरों में भक्तों का अंबार

**बागेश्वर।** सावन के अंतिम सोमवार को जिले के शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने को पहुंचे। जहां उन्होंने भोलेनाथ को जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। जिला मुख्यालय में रविवार रात से सोमवार दोपहर तक मूसलाधार बारिश हुई। उसके बावजूद श्रद्धालु स्थानीय बाबा बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने सरयू गोमती नदी का पावन जल शिव मंदिर में अर्पित किया। जिसके पश्चात पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि के लिए मन्नत मांगी। इसी क्रम में शक्तेश्वर मंदिर शिवालय में लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक के पूजा अर्चना की गई। वही कपकोट, कांडा, गरूड़, दुगनाकुरी क्षेत्रों में भी दिन भर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से खुशहाल जीवन की कामना की।

### विवि के विद्यार्थियों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में मैसर्स एनआरबी बेयरिंग लिमिटेड के द्वारा मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों क्रमशः विशांत कंबोज एवं अभय बंधु (बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त रुपये 6.5 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एमएस नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि पूर्व की भांति भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।

### सड़कें बंद, नेताओं को कोस रही जनता

**बागेश्वर।** जिले में शनिवार की शाम से एक बार फिर लगातार झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखत जिलाधिकारी ने सोमवार को जिले के सभी विद्यालयों को बंद रखने का आदेश दिया था। जिले में लगातार हो रही बारिश का सर्वाधिक असर सड़कों में पड़ा है। बता दें कि लगातार हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही वर्षा से जहां पहाड़ी रास्तों पर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है, वहीं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले में अब तक 12 से अधिक सड़कें भूस्खलन व मलबा आने से बंद हो चुकी हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के मंडलसेरा में सड़क पूरी तरह से नाले में तब्दील हो चुकी है। जिसे देखने वाला कोई प्रशासनिक अधिकारी व जिले का जनप्रतिनिधि नहीं है। यहां से गुजरने वाले लोग आए दिन अधिकारियों व नेताओं को कोस रहे हैं। इस मार्ग से विभिन्न विद्यालयों को जाने वाले छात्र छात्राओं व बुजुर्ग लोगों को काफी काठियां हो रही है। लोगों ने सड़क का स्थाई समाधान करने की मांग की है।

### दो छात्राएं लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** एक नाबालिग बिना कुछ बताए घर से चली गई। उसके मामा ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। कटोराताल पंजाबी कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय भांजी उनके घर पर रहकर पढ़ाई कर रही है। बताया कि शनिवार की रात वह घर में बिना बताए कहीं चली गई है। उसकी हर संभव स्थान पर खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया कि उन्हें देहरादून निवासी सूरज नाम के लड़के पर शक है। पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। उधर, टीचर कालोनी निवासी 16 वर्षीय छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री रविवार की दोपहर करीब 12.30 बजे कोचिंग के लिए गई थी जो 4 बजे के आसपास घर आ जाती है परंतु वह घर नहीं पहुंची।

### चन्द्रावती में विदाई समारोह

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की संस्कृत विषय की एसो. प्रोफेसर डॉ. मंजू सिंह, पत्नी वेद प्रकाश एवं कार्यालय सहायक पूनम भारद्वाज, पत्नी संदीप भारद्वाज का विदाई सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पं. गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति की अध्यक्षा विमला गुड़िया द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त, एसो. प्रो. डॉ दीपिका आत्रेय, बीएड विभाग एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा सेवानिवृत्त हुई डॉ. मंजू सिंह एवं पूनम भारद्वाज को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित ससम्मान भावपूर्ण विदाई दी गई। डॉ. मंजू सिंह अपने बीते पलों का स्मरण कर भावुक हो गईं। इस अवसर पर डॉ. मंजू सिंह के पुत्र राहुल चौहान, रचित चौहान एवं पुत्रवधु प्रिया, साक्षी, बच्चे श्रीनिल व साखी एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के प्रवक्तागण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अलर्ट पर रहें आईआरएस के नामित अधिकारी

**अल्मोड़ा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे में जनपद के कुछ स्थानों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित समस्त अधिकारियों एवं विभागीय नोडल अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। कहा कि आपदा व दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्रवाई करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जाए।

## विवाहिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** स्विफ्ट गाड़ी व 15 लाख रूपये की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में गंगे बाबा रोड निवासी फरहीन खान पुत्री जमील अहमद ने बताया कि उसका विवाह बीती 15 दिबंबर 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार इमरान खान पुत्र अख्तर हुसैन, निवासी असालतपुरा, कटावा, मुरादाबाद के साथ हुआ था। निकाह के समय उसके माता पिता व अन्य रिश्तेदारों ने अपनी हैसियत से ज्यादा उपहार व अन्य सामान ससुरालियों को दिऐ थे, परन्तु शादी के 15 दिन बाद से ही उसके पति इमरान, जेठ गुड्डू व नसीम पुत्र अख्तर हुसैन, जेठानी रफत पत्नि नसीम व ननदें गुड़िया, बब्बो व शाजली, उसे अक्सर कम दहेज लाने के लिये प्रताड़ित करते हुए एक स्विफ्ट गाड़ी व 15 लाख रूपये नकद लाने की मांग करने लगे। इस कार्य में उसकी दो शादी शुदा ननदें शमा व शाहिन पत्नि जहाँगीर भी उससे ससुरालियों को दहेज के लिए भड़काने का कार्य करवाकर मारपीट की। उसने बताया कि उसका नंदोई जहांगीर भी उस पर गलत निगाह रखने लगा, जब इसकी शिकायत उसने ससुरालियों से की तो पति व जेठ ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया, समझौता होने पर फिर से ससुरालियों ने सितंबर 2022 में दहेज की मांग को लेकर फिर से घर से निकाल दिया। उसने बताया कि बीती 17 मई 2025 को उसके पति की कॉल आई और उसने बोला कि अभी तक दहेज नहीं है तेरे घर आकर तेरी हत्या कर देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## ब्लॉक प्रमुख के लिए भाजपा प्रत्याशी चन्द्रप्रभा का नामांकन, निर्विरोध तय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ब्लॉक प्रमुख पद हेतु भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चन्द्रप्रभा ने सोमवार को विधिवत रूप से अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन से पूर्व नगर निगम सभागार में पहुंची चंद्रप्रभा ने महापौर दीपक बाली से आशीर्वाद लिया। नगर निगम सभागार से ही जयकारों के बीच महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में चंद्रप्रभा का काफिला ब्लॉक कार्यालय के लिए चला और क्षेत्र के समस्त बीडीसी मेंबरों, ग्राम प्रधानों भाजपा कार्यकर्ताओं, नगर निगम पार्षदों और भारी संख्या में सहयोगी जनों के साथ श्रीमती चन्द्रप्रभा ने काशीपुर ब्लॉक कार्यालय पहुंच कर



विधिवत रूप से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान ढोल-बाजों की थाप पर नाचते समर्थकों का जोश देखने काबिल था। सभी चन्द्रप्रभा के निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बनने का दावा कर रहे थे। जिसके बाद देर शाम तक जब कोई और नामांकन नहीं हुआ तो चन्द्रप्रभा का निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख चुना जाना तय हो गया है। जिसकी घोषणा बाकी है। तो इस लिहाज से जैसे कि कयास लगाए जा रहे थे कि यदि चंद्रप्रभा निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बनती हैं तो उनकी जीत के लिए दीपक बाली की दूरदर्शी रणनीति ही सिद्ध होगी। नामांकन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, पीसीयू अध्यक्ष राम मेहरोत्रा, पार्षद विजय कुमार बॉबी, अनिल डाबर, लवीश अरोरा, बबली बजाज, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, प्रियंका अग्रवाल, कैलाश चन्द्र प्रजापति एडवोकेट, राजकुमार यादव, अनिल कुमार, पुष्कर बिष्ट, मानवेंद्र मानस, अर्जुन सिंह, रवि पाल, डॉ. यशपाल रावत, प्रधान महेंद्र सिंह, सर्वेश बाली, मनोज कौशिक, राजू सेठी, मुकेश पाहवा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिपं. अध्यक्ष के लिए अल्मोड़ा में तीन नामांकन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट को लेकर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को भाजपा-कांग्रेस और यूकेडी के अधीकृत प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

अब नामांकन पत्रों की जांच के बाद आज नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। धारानौला स्थित जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सबसे पहले कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुंजवाल नामांकन कराने पहुंची। उनके साथ पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल, क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज और अन्य पदाधिकारी मौजूद



रहे।

इसके बाद भाजपा प्रत्याशी हेमा गैड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा अनिल शाही, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, अनिल शाही, बिट्टू कर्नाटक, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, कुंदन लटवाल, मनोज सनवाल, पूनम पाल. ।वाल किशन सिंह बिष्ट, पार्षद अर्जुन बिष्ट आदि रहे। वहीं, यूकेडी से अधीकृत प्रत्याशी सरस्वती किरौला ने सादगी पूर्वक अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद की सीट पर अजोली तल्ली-20 से निर्वाचित शम्भू सिंह रावत और 16- जसपुर से निर्वाचित जिपं सदस्य सुरेंद्र सिंह नेगी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर चुनाव की प्रक्रिया जारी है। आज यानि 12 अगस्त हो नाम वापसी, 14 अगस्त को दस बजे से तीन बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। वहीं, उसी दिन देर शाम परिणामों की घोषणा होगी।

### दुगालखोला में जन्माष्टमी महोत्सव की धूम

**अल्मोड़ा।** दुर्गा मंदिर दुगालखोला में जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची हुई है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा और विशिष्ट अतिथि मेयर अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां एक ओर बच्चों में छिपी प्रतिभा को मंच मिलता हैं वहीं दूसरी ओर संस्कृति को संरक्षण भी मिलता है। वहीं, मेयर अजय वर्मा ने समिति के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, महिलाओं ने भजनों के गायन से क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यहां रीता दुर्गापाल, दीपा जोशी, पुष्पा सति, मंजू जोशी, विमला दुर्गापाल, रमा जोशी रेखा बिनवाल मौजूद रहे।

## मकान की दीवार गिरी, सामान तबाह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ग्राम सभा सुरकाली गांव के ग्राम पंचायत स्यूनीगाँव निवासी हयात गिरी पुत्र जोगा गिरी का आवासीय मकान की दीवार रविवार की रात भीषण बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घर के सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। हालांकि घर के अंदर रखा राशन, बर्तन, कपड़े आपदा की भेंट चढ़ गए। दुगनाकुरी तहसील के ग्राम सभा सुरकाली के ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि विगत रात्रि क्षेत्र में भीषण बारिश हुई। बारिश के चलते ग्राम सभा के हयात गिरी का आवासीय मकान की पिछली दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके चलते ग्रामीण के घर के अंदर रखे लकड़ी के बक्सों में राशन व कपड़े पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों के सूज बूझ से परिवार के सदस्यों की जान बच गई। अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकती थी। रात में आस पड़ोस से पहुंचे ग्रामीणों ने गर्भका सदस्यों को अपने घर में पनाह दी। घटना स्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान नरेंद्र नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सुरकाली, मनोज शाह, विनोद शाह, पटवारी चौकी के सहायक विशन राम ने पीड़ित परिवार का हाल जाना। साथ ही प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इधर घटना की जानकारी पटवारी चौकी सहायक विशन राम द्वारा जिला प्रशासन को दे दी गई है। इधर कांडा तहसील के देवलेत गांव में रविवार की रात दो बजे एक मकान भरभराकर गिर गया। घर के रह रही मां व बेटी बाल-बाल बच गए। एक पत्थर गिरते ही महिला की नींद खुल गई। इस कारण परिवार के लोग बच गए, लेकिन घर में रखा सारा सामान मलबे में दब गया। नीचे कमरे में बंधी भैंस भी बच गई। रात में ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार को पड़ोस के मकान में शिफ्ट किया है। ग्रामीणों ने पीड़ित को मदद की मांग की है।

### बारिश से कालाढूंगी में बाढ़ जैसे हालात

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** देर रात से हो रही मूसलधार बारिश ने क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। नदी और नालों ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे घरों



और दुकानों में पानी घुसने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बारिश के कारण नगर और ग्रामीण इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने रविवार शाम ही भारी बारिश की चेतावनी दी थी, जो सही साबित हुई और तेज बारिश के कारण जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई स्थानों पर नदी-नाले उफान पर हैं, और घरों व दुकानों में पानी घुसने से लोगों में खौफ का माहौल है। हालांकि, देर सायं को बारिश थोड़ी हल्की होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि कुछ स्थानों पर सड़कें पानी से भर गई हैं और पहाड़ी मार्गों पर मलबा आने की सूचना है, जिन्हें जेसीबी की मदद से सुधारने का काम जारी है। उन्होंने नदी-नाले के नजदीक रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## अल्मोड़ा से जागेश्वर तक निकली जलाभिषेक यात्रा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद ने जिला मुख्यालय से जागेश्वर धाम तक जलाभिषेक यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव के जयकारे लगाये।

साथ ही जागेश्वर धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक कर जन कल्याण का आशीष मांग। सोमवार को जागेश्वर को जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ पलटन बाजार स्थित सिद्ध नौला में पूजा-अर्चना कर किया गया। बाद में शिव के जयकारों के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं कलश के साथ पारंपरिक परिधान में नजर आई। शोभायात्रा में शामिल बच्चों ने भगवान शिव, पार्वती और शिवगणों के वेश में नजर आये, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद वाहनों के जरिए यात्रा जागेश्वर धाम को रवाना हुई। दोपहर बाद यात्रा जागेश्वर पहुंची। जागेश्वर धाम पहुंचकर जयकारे के साथ देवों के देव महादेव का जलाभिषेक कर जनकल्याण की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चें भी यात्रा में शामिल रहे। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तों ने शिवार्चन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पार्थिव पूजन का बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा जिले के विभिन्न शिवालयों में दिन भर बम बम भोले और हर हर महादेवी की गूंज रही।

## पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिशन की रेलवे स्कूल प्रांगण में आयोजित की गई मासिक बैठक में कुछ प्रमुख मांगों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही केंद्र सरकार से अपेक्षा की गई कि इन प्रमुख मांगों पर केंद्र



सरकार गंभीरता से जल्द से जल्द विचार करेगी। प्रमुख मांगों में रेलवे के पेंशनर्स की कॉम्यूटेशन रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 10 साल 8 माह किये जाने, 8वें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने तक केन्द्र सरकार से अंतरिम राशि का भुगतान करने, रेलवे अस्पताल में काफी समय से रिक्त चल रहे मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति जल्द से जल्द करने, रेलवे अस्पताल में पेंशनर्स के लिए स्वास्थ जांच शिविर आयोजित करने, 9 सितंबर को काशीपुर शाखा की वर्षगांठ मनाने हेतु के अलावा 8 नवंबर को अंबाला में भारत पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने आदि मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर दो पेंशनर्स रहीस अहमद व गोविंद सिंह का जन्मदिन तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर धूमधाम से मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता रेलवे मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने, जबकि संचालन सचिव एसएस सिन्हा ने किया।

**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **AAHANA JANGPANGI** से बदलकर **BHAVIKA JANGPANGI** रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे **BHAVIKA JANGPANGI** के नाम से जाना पहचाना जाए।

**भाविका जंगपॉगी**
पुत्री मनीष कुमार जंगपॉगी
जंगपॉगी विला, वसुंधरा कालोनी,
गुलजारपुर, पो.ओ. फतेहपुर हल्द्वानी
(नैनीताल)।

**NAME CHANGE**

I Mohammad Salman have changed my name from Mohd Salman to Mohammad Salman hence forth I shall be known as Mohammad Salman S/o Mohammad Yunus R/o Mother Colony, Maheshpura Kashipur, Udham Singh Nagar, UK

**NAME CHANGE**

I Nazim Hussain have changed my name from Mohammad Nazim to Nazim Hussain hence forth I shall be known as Nazim Hussain S/o Abdul Kaveer Alias Bhoora Hussain R/o Parvatiya Enclave No. 4, Jaspur Khurd, Near Rudraksh Garden, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK

# बुद्ध पार्क में धरने पर बैठा अमित का परिवार

## पुलिस के खिलाफ नारेबाजी, सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने भले ही अमित हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया हो लेकिन मामला हैं कि ठंडा पड़ने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस के खुलासे पर सवाल उठाने के साथ ही अमित का परिवार सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा है।

अमित के परिवार को आम जनता व सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। रविवार को अमित का शव मुक्तिधाम में दफनाने के बाद सोमवार को अमित के परिवार ने तिकोनिया के बुद्धपार्क में धरना दिया। जन एकता पार्टी भी परिवार के साथ धरने पर बैठी। लोगों ने पुलिस और उसके खुलासे के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। जमकर नारेबा. जी की और एक बार फिर हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग दोहराई। जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा दोषियों को सजा दिलाये जाने, सीबीआई जांच और न्याय मिलने तक हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। हत्याकांड की जांच और दोषियों के विरुद्ध समय रहते उचित कार्यवाही करने में जिला प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है। पीड़ित परिवार को भ्रमित किया गया है। किसी सक्षम अधिकारी के बिना आदेश पर पीड़ित परिवार और लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने शुरुआत से अब तक परिवार को गुमराह रखा। मृतक की तलाश भी परिवार ने की। चार दिन तक पुलिस परिवार को घुमाती रही, जिसके बाद परिवार को धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा। मृत किशोर के पिता का कहना है कि पहले पुलिस ने बताया कि यह मामला तंत्र-मंत्र से जुड़ा हुआ लग रहा है और हमने ग्राइडर व दराती भी बरामत कर ली है। बाद में खुलासा किया और मामला दुष्कर्म का बता दिया। यह सब मनगढ़त है। मामला कुछ और है और इसमें कई लोग मिले हुए हैं। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती और दोषियों को दंडित नहीं किया जाता, तब तक हमारा आन्दोलन लोगों की मदद से जारी रहेगा। इस दौरान बच्चे के पिता, बच्चे की माता, लक्ष्मी मौर्य, किशोरी देवी, प्रीति, बबली, सुन्दर लाल मौर्य, रोहित मौर्य, पूर्व सैन्य अधिकारी एक्स असिस्टेंट कमांडेंट आरपी सिंह, समाज सेवी आर्येंद्र शर्मा, अंकित मौर्य, अमन मौर्य, गणेश मौर्य, हरीश कश्यप आदि थे।



### पिता का आरोप: तंत्र-मंत्र के लिए हत्या

**हल्द्वानी।** मृतक अमित के पिता को पुलिस के खुलासे पर भरोसा नहीं। धरना-प्रदर्शन से पहले उन्होंने कहा बेटे का सिर और हाथ मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम हाउस बुलाया। जहां उन्हें बच्चे के सिर और हाथ दिखाए गए। उनका कहना है कि जब उन्होंने बच्चे सिर देखा तो पाया कि बच्चे के सिर के बार रेजर या रेजर जैसी किसी धारदार वस्तु से साफ किए गए थे। जबकि दुष्कर्म की बात छिपाने वाला ऐसा क्यों करेगा। ऐसा सिर्फ तंत्र-मंत्र के लिए किया गया। इसी लिए सिर काटा गया, हाथ काटा गया और फिर कटे हाथ से अंगुलियां काटी गईं।

## न्याय की मांग लेकर ज्ञापन के साथ पहुंचीं महिलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मातृशक्ति ने ज्योति मेर और अमित मौर्या हत्याकांड की निंदा करते हुए न्याय की मांग की है। पहाड़ी आर्मी तथा सौहार्द जनसेवा समिति से जुड़ी महिलाओं ने एसडीएम कोर्ट में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि हाल के दिनों में हल्द्वानी में दो जघन्य हत्याओं को अंजाम दिया गया लेकिन इन मामलो में पुलिस की कार्यप्रणाली सही नहीं रही। महिलाओं का कहना है कि योगा ट्रेनर ज्योति मेर और दस साल के मासूम अमित मौर्या को इंसाफ मिलना अभी बाकी है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाई जाए। इस दौरान महिलाओं ने ज्योति मेर और अमित मार्या को न्याय दो के नारे भी लगाए। इस मौके पर विद्या महतोलिया, मीनू बिष्ट, नंदा पांडेय, पुनीता पांडेय, विद्या जोशी, पूर्णिमा पांडेय, अंजू पांडेय, तारा जोशी, गंगा शाही पांडेय, भावना डांगी, मीना अग्रवाल, वैशाली लोबियाल, मीनाक्षी पांडेय, सोबन सिंह भड़, पीड़िता ज्योति मेर की माता दीपा मेर, प्रिया मेर, बब्लू, राजू, हेमंत, पुष्पा पांडेय, गीता पांडेय, हेमा पांडेय, भावना तिवारी, सीमा पाठक, पुष्पा कांडपाल, मीना शर्मा, ममता, प्रेमा, स्वीटी, गीता, लक्ष्मी, निशा, पुनीता, सीमा, काजल शामिल हुईं।



## दवा के धोखे में महिला ने खाया जहर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक महिला ने दवा के बदले भूल से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार तल्ली हल्द्वानी खन्ना फार्म निवासी जीवन चन्द्र जोशी की 54 वर्षीय पत्नी ईश्वरी देवी पिछले लंबे समय से बीमार चल रही है। परिजनों द्वारा बताया जा रहा कि बीते 9 अगस्त को ईश्वरी देवी ने भूल से दवा समझकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान महिला ने बीती रात्रि दम तोड़ दिया।

## इंदिरानगर में कूड़े के ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरानगर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से नगर निगम के सफाई कर्मचारी छुट्टी पर हैं, जिसके कारण समस्त गलियां और चौराहे कूड़े के ढेर से भर गए हैं। यह स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कूड़े से उठ रही बदबू और कीड़े-मकोड़ों का उत्पन्न होना स्थानीय निवा. सियों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। इस दौरान पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि इंदिरानगर के कई स्थानों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। यहां के पार्षदों ने कई बार नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों से कूड़ा उठाने की अपील की है, लेकिन उनका कहना है कि नगर निगम में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा इंदिरानगर की गलियां कूड़े और मलवे से पटी पड़ी हैं, और चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे बदबू और कीड़े उत्पन्न हो रहे हैं। और हल्की सी बरसात होने पर ये सारा कूड़ा और मलबा सड़क पर बहने लगता है। यह समस्या हर साल होती है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वह आम जनता को साथ लेकर नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।



# भारी बारिश की चेतावनी

## नैनीताल जनपद के स्कूलों में आज अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, नैनीताल जिले में अगले 24 घंटों में भारी वर्षा का अनुमान है। इस चेतावनी के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। जिला मजिस्ट्रेट वंदना ने सभी संबंधित विभागों को उच्च सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़कों की स्थिति पर नजर रखने और अवरुद्ध मार्गों को शीघ्र खोलने के लिए सड़कों के निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, ग्राम पंचायत अधिकारियों को किसी भी आपदा के समय तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने पुलिस थानों और चौकियों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभी विद्यालयों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिला. धिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, रास्तों की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर यात्रा करें और नदी-नालों से दूर रहें। सोमवार को, अल्मोड़ा मार्ग पर भारी पत्थर गिरने से मार्ग बाधित हो गया था, जिसे प्रशासन ने जेसीबी से हटाकर फिर से खोल दिया। हल्द्वानी में नगर आयुक्त ने संवे. दनशील स्थानों का निरीक्षण किया और लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की अपील की। उप जिलाधिकारी नवा. जिस खलिक ने भूमियाधार क्षेत्र का दौरा कर भूस्खलन प्रभावित खूपी गांव के लोगों से सतर्क रहने को कहा है। रेड अलर्ट को देखते हुए जिला. धिकारी वंदना सिंह ने मंगलवार को जिले के समस्त स्कूलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। मंगलवार को जिले के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी स्कूल (कक्षा 1 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षिक संस्थान) एवं आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

# ब्लॉक प्रमुख के लिए भाजपा में खींचतान

## मीना पांडे ने करा दिया नामांकन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकासखंड हल्द्वानी में ब्लॉक प्रमुख पद को लेकर भाजपा के अंदर आपसी खींचतान खुलकर सामने आ गयी है और चुनाव से ठीक पहले बगावत शुरू हो गयी है। भाजपा ने ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मंजू गौड़ को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है, वही भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय की पत्नी मीना पांडे ने भी ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हल्द्वानी ब्लॉक प्रमुख की सीट महिला आरक्षित होते ही भाजपा के अंदर खेमेबाजी का दौर शुरू हो गया था। मंजू गौड़ के अलावा एक हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज करने वाली बच्चीनगर से क्षेत्र पंचायत सदस्य मीना पांडेय ने मजबूती से अपनी दावेदारी जताई थी। तमाम नामों के बीच पार्टी नेतृत्व ने मंजू गौड़ के नाम पर अपनी मोहर लगायी। जिसके बाद से ही भाजयुमो प्रदेश मंत्री विपिन पांडे लगातार फेसबुक पोस्ट पर बागी तेवर दिखा रहे थे। भाजपा के प्रत्याशी घोषित करने के बाद भी उन्होंने यह घोषणा कर दी थी कि उनकी पत्नी मीना पांडेय हल्द्वानी ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख पद की दावेदारी के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। सोमवार को उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल कर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी है। 14 अगस्त को चुनाव होने है और अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा डैमेज कण्ट्रोल में सफल हो पाती है।

# संस्कृत सनातन की रीढ़

## श्रीसनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अनुदान आर्थिक अनुदान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का कार्यक्रम श्रीसनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। पहले सत्र की शुरुआत मेरे सिर पर हाथ धरो मां, ज्ञान की ज्योति जला देना सहित हिमालय संगीत शोध समिति के कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद्र वर्मा ने संस्कृत भाषा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह भाषा सनातन धर्म की रीढ़ है और इसके प्रचार-प्रसार के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। डा. बृजेंद्र कुमार सिंह देव ने श्रीसनातन संस्कृत महाविद्यालय को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की श्रेणी में लाने के लिए विद्यालय समिति एवं शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. कीर्तिबल्लभ ने मानसखंड के महत्व पर प्रकाश डाला और उत्तराखंड को आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पहचान दिलाने की बात कही। डा. गोपाल दत्त त्रिपाठी ने संस्कृत को देश की प्राणवायु और सशक्त भाषा बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार के लिए सतत प्रयास की आवश्यकता व्यक्त की। मोहन गिरी गोस्वामी विद्यालय समिति के अध्यक्ष ने संस्कृत भाषा और मंदिरों के संरक्षण पर जोर देते हुए भविष्य की पीढ़ी के लिए इसके अध्ययन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डा. नवीन चंद्र बेलवाल ने करते हुए कहा संस्कृत भाषा के सीखने की वैश्विक रुचि और इसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। डा. भारती नारायण भट्ट ने रानीबाग में स्थित चित्रशिला की भारतीय संस्कृति और पौराणिक महत्व को अद्भुत बताया। इस मौके पर डा. चंद्र बल्लभ बेलवाल, प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय, डा. जगदीश चंद्र पांडे, डा. नीरज जोशी, अशोक वार्ष्णेय, जगतप्रकाश त्रिपाठी, डा. राजेंद्र भट्ट, डा. चंद्र प्रकाश उप्रेती, डा. सीडी नैनवाल, डा. दीप जोशी, डा. नारायण दत्त थुवाल, आरती जैन, जानकी त्रिपाठी, डा. मोहित जोशी, शुभम पाठक आदि मौजूद रहे।



## सांप के डसने से महिला की मौत

**हल्द्वानी।** घर में खाना बना रही एक महिला को सांप ने डस लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे आनन फानन में अल्मोड़ा के जिला अस्पताल में लाया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक होने पर उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। रविवार बीती रात्रि महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार विशालकोट रानीखेत निवासी 35 वर्षीय ज्योत्सना देवी बीते 7 अगस्त को घर में खाना बना रही थी। तभी खाना बनते समय ज्योत्सना को एक सांप ने डस दिया। सांप के डसने के बाद परिजनों ने आनन फानन में अल्मोड़ा स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सकों ने उन्हें हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। बीती रात्रि उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

# पूर्व नौसैनिकों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व नौसैनिक कल्याण समिति कुमाऊ की एक बैठक रॉयल बैंक्विट हॉल कुसुमखेड़ा में आयोजित की गई। इस बैठक में संस्था के भविष्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष कमांडर दिगंबर सिंह और अन्य सदस्य मौजूद थे। समिति द्वारा आगामी वर्ष के लिए एक एनुअल कैलेंडर जारी करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें प्रत्येक दो महीने में एक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के बैंक अकाउंट को सुचारु रूप से चलाने के लिए दीप जोशी, आनंद सिंह ठठोला और हरीश भट्ट के द्वारा केवाईसी वेरिफिकेशन करवाने की बात तय की गई। इसके अलावा 15 अगस्त को प्रात: 10 बजे डिफेंस एकेडमी में आयोजित झंडा रोहण समारोह में पूर्व नौसैनिक कल्याण समिति के सदस्य फॉर्मल ड्रेस में भाग लेंगे। बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि उत्तराखंड के धराली क्षेत्र में आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए सहयोग राशि जमा की जाएगी। इस मौके पर जगदीश चंद्र ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की और समिति के उद्देश्य में योगदान देने का संकल्प लिया।



# कैडेट्स ने किया कड़ा अभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा संचालित सेलिंग अभियान (मेनू कैंप) के अष्टम दिवस यानी सोमवार का आयोजन अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कैडेट्स ने सोमवार को 26 किलोमीटर की नौकायन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की, इसके साथ ही अब तक शिविर की कुल नौकायन दूरी 240 किलोमीटर हो गई है जो कैडेट्स की मेहनत तथा टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। इससे पूर्व सोमवार को के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेट्स ने सेलिंग, बोट पुलिंग, ड्रिल तथा बोट रिगिंग जैसे नौसैनिक कौशलों का गहन अभ्यास किया।

प्रशिक्षकों ने नाव संचालन की तकनीक, जल पर संतुलन बनाए रखने की विधियां और टीम समन्वय को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। कमान अधिकारी कैप्टन मृदुल शाह ने कैडेट्स की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हर बीतते दिन के साथ प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कैडेट्स का आत्मविश्वास नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि 240 किलोमीटर की अब तक की नौकायन यात्रा इस बात का प्रमाण है कि कैडेट्स न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी पूरी तरह तैयार हो रहे हैं। शिविर के संच. ालन में एकस ओ लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, विक्रांत सिंह (चीफ पेट्टी ऑफिसर), रवि कुमार (पेट्टी ऑफिसर), सतीश शर्मा (लीडिंग कम्युनिकेशन) और सनी कुमार (पेट्टी ऑफिसर) का विशेष योगदान रहा।

## स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** गौला पार्किंग स्थित स्लाटर हाउस के पास बनभूलपुरा पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 11.66 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाने में तैनात एसआई मनोज यादव बीती रात्रि मय टीम क साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गौला पार्किंग स्थित स्लाटर हाउस के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से 11.66 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम शाहरुख उर्फ चेटा मलिक पुत्र स्व. अमीर अहमद इन्द्रानगर बनभूलपुरा बताया। पूछताछ में शाहरुख ने बताया कि उसने यह स्मैक बबलू नाम के व्यक्ति से ली थी, जो नाले के पास स्थित बगीचे में रहता है।

# एसटीएच में उपनल कर्मी हड़ताल पर

## 600 कर्मचारियों को पिछले पांच माह से नहीं मिला है वेतन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपनल कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। उपनल कर्मचारी तीन घंटे की हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि अगर 20 अगस्त तक उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेगे। इस दौरान कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। वे कई बार अस्पताल प्रशासन स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार से अपनी मांगों को लेकर गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने इस समस्या का समाधान न होने पर तीन घंटे के कार्य बहिष्कार की घोषणा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे 20 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले पांच महीनों से वेतन न मिलने के कारण उनके घरों में आर्थिक संकट पैदा हो गया है। बच्चों की स्कूल फीस और किराए में रहने वाले कर्मचारी अपने घर का किराया भी नहीं चुका पा रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से अस्पताल में सेवा दे रहे हैं, लेकिन आज सरकार उन्हें निकालने की साजिश कर रही है। जिसे किसी भी हाल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इधर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कर्मचारियों के वेतन का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कर्मचारियों का वेतन शासन स्तर पर विचाराधीन है और कार्रवाई जारी है।



## सनवाल स्कूल ने जीता फुटबॉल मैच

**नैनीताल।** सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एचएन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबॉल टूर्नामेंट में एक मात्र मुकाबला खेला गया। बता दें डीएसए मैदान में सनवाल स्कूल नैनीताल तथा तथा हरमन माइनर स्कूल भीमताल के मध्य मुकाबला हुआ। मध्यांतर तक सनवाल स्कूल नैनीताल ने तीन तथा हरमन माइनर ने एक गोल किया। अंतिम स्कोर 3-1 रहा तथा सनवाल ने मैच जीत लिया। सनवाल स्कूल के विदित ने 3 गोल तथा हरमन माइनर के स्वार्थ ने एक गोल किया। सनवाल स्कूल ने सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाया। रेफरी प्रेम सिंह बिष्ट, भास्कर तथा अपूर्व बिष्ट रहे। प्रतियोगिता के आयोजकों के मुता. बिक बुधवार (आज) का सेमीफाइनल मुकाबल मुकाबला बीएसएसबी ए तथा एलपीएस के मध्य खेला जाएगा।

# नयना देवी मंदिर में पार्थिव पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से श्री मां नयना देवी मंदिर में पार्थिव पूजा का विशेष आयोजन प्रधान आचार्य बसंत बल्लभ पांडे के नेतृत्व में किया गया, जिसकी वजह से माहौल भक्तिमय बना रहा। पार्थिव पूजा में यजमान न्यासी पान सिंह ढेला सपत्नीक पूजा में रहे। इससे पूर्व श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। सोमवार को प्रात: से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी रही। इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, सचिव हेमंत शाह समेत पुजारी चंद्र शेखर जोशी, भुवन चंद्र कांडपाल, नवीन चंद्र तिवारी, बच्ची राम पंत, लक्ष्मी नारायण लोहनी, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश मेलकानी, बसंत जोशी सहित मंदिर के कर्मचारी व न्यासी जुटे रहे। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने सभी का आभार जताया। दूसरी ओर नगर के मां पाषाण देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, गुफा महादेव, स्नोव्यू स्थित देव मंदिर, माल रोड स्थित शिव मंदिर समेत नगर के सभी शिवालयों में दिनभर भकतों की भीड़ भाड से माहौल भकितमय बना रहा। बारिश के बाद भी भकतों ने उपवास रखकर मंदिरों में बिशेष पूजा अर्चना की।



## विजय यादव को पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में अध्ययनरत शोधार्थी विजय यादव को कुमाऊं विश्वविद्यालय ने हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोध छात्र विजय के शोध प्रबंध का विषय था हिंदी कहानियों में बाज़ारवाद। विजय यादव ने अपना शोध कार्य डा. संतोष मिश्र के निर्देशन में प्रारंभ किया, लेकिन डा. मिश्र की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद एमबीपीजी के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डा. विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में शोध पूर्ण किया। मौखिकी की परीक्षा दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रोफेसर डा. मोहन ने ली। यूजीसी नेट, जेआरएफ उत्तीर्ण विजय यादव की इस सफलता पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डा. शिरीष मौर्य, प्राचार्य डा. एनएस बनकोटी, डा. अजय कुमार, डा. मानसी, हरिश्चंद्र यादव, कमला आदि ने बधाई दी है।

# निगम ने पनचक्की की ज़मीन कब्जामुक्त कराई

## चेतावनी के साथ नोटिस बोर्ड चस्पा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर प्रशासन, नगर निगम और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बरेली रोड वार्ड 60 गौजाजाली स्थित पनचक्की की .019 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए उसमे नगर निगम के स्वामित्व का नोटिस बोर्ड चस्पा कर दिया है। उक्त भूमि नगर निगम को पार्क के लिए आवंटित की गयी है, जिस पर नगर निगम सार्वजनिक पार्क का निर्माण कराएगा। गौजाजाली में पनचक्की की .019 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत मिलने पर सोमवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान सिंचाई विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जमीन पर कब्जा मिला। इस जमीन को पूर्व में संचालित पनचक्की के बंद होने के बाद सिंचाई विभाग ने नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया था। निगम ने यहां मौजूद 190 स्क्वायर मीटर भूमि पर पार्क बनाना प्रस्तावित किया है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि उक्त भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराते हुए नोटिस बोर्ड लगा दिया है। फिर से कब्जा करने की कोशिश करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान, सहायक अभियंता सिंचाई अमित बंसल सहित निगम के कार्मिक मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मार्ग किनारे खड़े लोगों के लिए काल बनी बस

**बस के ब्रेक हुए फेल, दो शिक्षकों की मौत, चार गंभीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-309 पर हुई एक भयावह सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। रामनगर से लगभग 22 किलोमीटर दूर धनगढ़ी नाले के पास, तेज बहाव के कारण खड़े होकर पानी का स्तर घटने का इंतजार कर रहे लोगों पर अचानक एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस चढ़ गई। पल भर में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते दो शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह से हो रही तेज बारिश के चलते धनगढ़ी नाला उफान पर था। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं और लोग किनारे खड़े होकर पानी के कम होने का इंतजार कर रहे थे।

इस बीच इसी बीच रामनगर की ओर से आ रही प्राईवेट बस संख्या यूके 04पीए 0422 बस ने नाले के पास खड़ी बाईक संख्या यूके 041के 1846, एचपी24सी 1860, यूके 18एच 9373, यूके 04टी 1590 और यूके 04टी 7031 को रौंद दिया। टक्कर के दौरान बाईक सचार कई लोग बस की चपेट में आ गये।

बस अनियंत्रित होकर सीधे किनारे खड़े लोगों में घुस गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग दौड़कर घायलों की मदद में जुट गए। हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो गयी। जबकि चार लोग घायल हो गये।

मृतकों की पहचान 53 वर्षीय सुरेंद्र सिंह पंवार, निवासी गंगोत्री विहार कनियां, रामनगर, और 42 वर्षीय वीरेंद्र शर्मा, निवासी मानिला विहार चोरपानी, रामनगर, के रूप में हुई है। दोनों शिक्षक हरणा सल्ट में तैनात थे और रोजाना अपने घर से स्कूल पढ़ाने के लिए जाते थे। हादसे में घायल चार लोगों में से तीन शिक्षक बताए जा रहे हैं जिनमें आईएमपीसीएल के कर्मचारी ललित पांडे, सत्य प्रकाश (जसपुर निवासी), दीपक शाह निवासी मालधन और शिक्षक सुनील राज निवासी पौड़ी गढ़वाल शामिल हैं। सभी को स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से रामनगर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से दो को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना का कारण बस का ब्रेक फेल हो जाना बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि तकनीकी जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

फिलहाल बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रामनगर की तहसीलदार मनीषा मारकाना ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सटीक कारण पता चल पाएगा।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में धनगढ़ी नाले का जलस्तर हर साल खतरनाक रूप से बढ़ जाता है, जिससे ऐसे हादसों का खतरा बना रहता है। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।



# मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** शक्तिफार्म क्षेत्र के एकमात्र अस्पताल के उच्चीकरण कर डाक्टर की तैनाती एवं अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्सरे मशीन तथा आपातकालीन सेवा से सुसज्जित किए जाने के साथ-साथ सिडकुल कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, स्थानीय युवाओं को सिडकुल में स्थाई जॉब, महिलाओं के लिए बस सुविधा और बंगाली समाज की ज्वलंत समस्या बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में बंगला भाषा लागू के साथ-साथ बंगाली समाज को अनुसूचित जाति में दर्ज करने संबंधी पत्र प्रेषित कर ज्ञापन सौंपा।

स्वतंत्र बंगाली समाज समिति उत्तराखंड के संयोजक राम चंद्र राय देहरादून स्थित कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के सरकारी आवास में पहुंचकर उनसे इस विषय पर व्यापक परिचर्चा की। राम चन्द्र राय ने कहा



कि यदि समाज की ज्वलंत समस्या का हल नहीं होता है, तो वो अनशन करने पर बाध्य होंगे।

कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उन्हें हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। साथ ही सिडकुल कर्मचारियों से संबंधित मामले का त्वरित कार्यवाही करते हुए कड़े दिशा निर्देश जारी किए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला राजमिस्त्री का शव

**भाजपा के ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी विकास शर्मा को चुनाव जिताएंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गदरपुर क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम कुलवंत नगर डैम के करीब झाड़ियों में एक राजमिस्त्री का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटनास्थल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड बॉर्डर का होने के चलते दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को यूपी पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गत शाम ग्राम कुलवंत नगर के डैम पर भैंस चरा रहे कुछ लोगों को झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान ग्राम मजराशीला गदरपुर निवासी 32 वर्षीय दानिश पुत्र शाहिद के रूप में की। सूचना पर मृतक के पिता परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके पांच पुत्र और तीन पुत्रियों में दानिश सबसे बड़ा था। वह राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार सुबह 10 बजे घर से खाना खाकर निकला था। उन्होंने बताया कि दानिश का विवाह करीब चार माह पहले यूपी के ग्राम मोनागर थाना मिलक खानम जिला रामपुर की युवती से हुआ था। घटनास्थल दो राज्यों की सीमाओं से जुड़ा होने के कारण दोनों राज्यों की पुलिस मौके पर पहुंची। मिलक खानम थाना की प्रभारी निरीक्षक निशा सिंह का कहना था कि जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मंत्री पुत्र, ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी और पूर्व चेयरमैन पर केस दर्ज

**नव- निर्वाचित बीडीसी सदस्य के अपहरण को आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा के ग्राम भव्वानगला निवासी मौ. रफी पुत्र हसीतुल्ला ने थाना केलाखेड़ा पुलिस को तहरीर देकर पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख स. जोरावर सिंह भुल्लर, यूपी के कृषि राज्यमंत्री स. बलदेव सिंह औलख के सुपुत्र स. गुरकीरत सिंह औलख और केलाखेड़ा के पूर्व चेयरमैन हामिद अली पर उनके पुत्र बीडीसी नफीस अली को तमंचे के बल पर जबरन गाड़ी में डालकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। केलाखेड़ा पुलिस ने उपरोक्त तीनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है। जांच एसआई देवेन्द्र सिंह राजपूत को सौंपी गई है। साथ ही पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है। बाजपुर ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर क्षेत्र का माहौल गर्माया हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है।

यहां बता दें कि गत दिवस उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष स. सुखदेव सिंह नामधारी ने अपने फार्म हाऊस पर प्रेसवार्ता कर यूपी के कृषि राज्यमंत्री स. बलदेव सिंह औलख, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार और भाजपा नेता गौरव शर्मा पर ब्लॉक प्रमुख चुनाव में भाजपा को कमजोर करने एवं कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने का आरोप लगाते हुए भाजपा हाईकमान से उनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। सूत्रोनुसार जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत में हो रही पार्टी की फजीहत को भाजपा हाईकमान ने गंभीरता से लिया है। भाजपा के हाईकमान यूपी के कृषि राज्यमंत्री स. बलदेव सिंह औलख, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार और भाजपा नेता गौरव शर्मा के विरूद्ध कार्रवाई अमल में ला सकता है। पुत्रीमोह में यूपी के कृषि राज्यमंत्री स. बलदेव सिंह औलख का मंत्री पद भी जा सकता है।

### मेरा किसी ने अपहरण नहीं किया : नफीस अली

बाजपुर। ग्राम पंचायत भगवानगला से क्षेत्र पंचायत सदस्य ने नफीस अली ने अपना वीडियो जारी कर कहा कि मैं अपनी इच्छा से जोरावर सिंह को समर्थन दिया है और मैं अपनी इच्छा अनुसार किसी को भी वोट दे सकता हूं मेरा किसी द्वारा अपहरण नहीं किया गया यह आरोप निराधार है।

# रामलीला कमेटी कुटरा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**जोगा सिंह भंडारी अध्यक्ष तथा पुष्कर सामंत बने उपाध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकासखंड के कुटरा गांव में विश्वेश्वर महादेव रामलीला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन राजकीय प्राथमिक विद्यालय के परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामलीला कमेटी के निदेशक गिरीश जोशी ने किया।

बैठक में सर्व सम्मति से कमेटी के नए पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। बैठक में भागीरथी कॉलोनी तथा रमेश कॉलोनी सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत किया। बैठक में काफी विचार विमर्श के बाद सर्व सम्मति से जोगा सिंह भंडारी को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष, पुष्कर सामंत को उपाध्यक्ष, जगदीश चंद्र शास्त्री को संरक्षक, परमजीत खनका को वक्ता मैनेजर एवं ललित मेहता को सहयोगी वक्ता मैनेजर चुना गया।



इसके साथ ही हिम्मत सिंह खड़ायत, दीवान सिंह मेहरा, कमल भट्ट, लक्ष्मी भट्ट, और कमलेश जोशी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाकर उनके दायित्व सौंप गए। इस दौरान यह भी तय किया गया कि इस साल रामलीला का आयोजन 26 सितंबर से होगा। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उपस्थित लोगों ने स्वागत सम्मान किया। इसके साथ ही नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यो और उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने सितंबर में आयोजित होने वाले रामलीला मंचन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# युवक का अपहरण कर बेरहमी से पीटा

**अधमरा कर घर के बाहर फेंक हुए फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राखी बंधवाकर हल्द्वानी से लौट रहे युवक का बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण कर बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल युवक को आरोपियों ने अधमरी हालत में उसके घर के बाहर फेंककर फरार हो गए। घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया।

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के शिवनगर निवासी सिप्पी पुत्र जय सिंह दिल्ली में नौकरी करता है और रक्षा बंधन पर घर आया था। शनिवार को वह अपनी बहन के घर हल्द्वानी गया था और देर रात करीब 12 बजे रुद्रपुर रोडवेज पहुंचा। वहां बस स्टेशन के पास चाय पीते समय बुलेट सवार दो युवक उसके पास आए और हाथ मिलाते हुए पार्टी करने की बात कहकर उसे बाइक के बीच में बैठाकर ले गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने पहले उसे शराब पिलाई और फिर बेरहमी से पिटाई की। रविवार सुबह करीब चार बजे बाइक सवार उसे उसके घर के बाहर फेंककर फरार हो गए। घायलावस्था में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की मां ने आवास विकास चौकी पुलिस को तहरीर देकर पुरानी रंजिश के चलते श्याम टाकीज रोड निवासी कुछ युवकों पर अपहरण और पिटाई का आरोप लगाया है। आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिपं अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख पद के लिए कराए नामांकन



**जिपं अध्यक्ष पद के लिए अजय मौर्या ने किया नामांकन**

**रुद्रपुर ब्लाक प्रमुख पद पर ममता जल्होत्र के अलावा भाजपा की बागी रीना ने भी ठोकी दावेदारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/गदरपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मौर्या ने जोर शोर के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं जिले भर में ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुख पदों के लिए भी प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन पत्र दाखिल किये।

जिला मुख्यालय रुद्रपुर में भाजपा प्रत्याशी अजय मौर्या के नामांकन से पूर्व पार्टी के कई वरिष्ठ नेताअ व सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा जिला कार्यालय में एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में प्रदेश के काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा, जनपद के भाजपा विधायक शिव अरोरा, अरविन्द पाण्डेय, त्रिलोक सिंह चीमा, रूद्रपुर मेयर विकास शर्मा, काशीपुर मेयर दीपक बाली,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, शैलेन्द्र सिंघल सहित कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अजय मौर्या का स्वागत कर उन्हें जीत की कामना के साथ तिलक लगाया। सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए शक्ति प्रदर्शन कर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे जहां भाजपा समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी अजय मौर्या ने दो सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल कराया। मौर्या के प्रस्तावक के रूप में नगला तराई से जिला पंचायत सदस्य सागर सिंह धामी और अनुमोदक के रूप में गुरूग्राम शक्तिफार्म से शिल्पी सिंह मौजूद रही।

वहीं ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर रुद्रपुर ब्लॉक प्रमुख पद की भाजपा प्रत्याशी ममता जल्होत्र ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलमालाओं के बीच ममता जल्होत्र का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं भाजपा से बगावत कर रीना गौतम ने भी ब्लाक प्रमुख पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रीना गौतम को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का समर्थन प्राप्त है और उनका दावा है कि 26 सदस्य उनके खेमे में हैं।

इसके साथ ही उप ब्लॉक प्रमुख पद के लिए जितेंद्र कौर ने भी समर्थकों के साथ पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद हेतु पूजा ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। उधर गदरपुर में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए ज्योति ग्रोवर, विनोदिनी गाईन, जसविंदर कौर, स्वाति और कमलेश देवी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए विनोद कुमार, कमलजीत कौर औजला, हसीन जहां ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। समाचार लिखे जाने तक सभी प्रत्याशी नामांकन की तैयारी कर रहे थे। ब्लाक प्रमुख पद को लेकर यहां मचे घमासान के चलते नामांकन स्थल पर भारी फोर्स तैनात की गयी थी।

# भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी सरिता ने कराया नामांकन



**ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख के लिए भागीरथी राणा कथा कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख हेतु गौरव नेगी ने भी कराया नामांकन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में सोमवार को अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख की दावेदार सरिता राणा, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख की दावेदार प्रत्याशी भागीरथी राणा तथा कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के दावेदार प्रत्याशी गौरव नेगी ने अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा के अधिकृत तीनों प्रत्याशियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों व गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर ब्लॉक सभागार पहुंचे जहां उन्होंने आरओ आनंद सिंह नेगी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर धामी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व अध्यक्ष नंदन खड़ायत, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, सोमनाथ मौर्य, रविंद्र राणा, रमेश राणा, राहुल सक्सेना, कमलदीप राणा, सूरज धामी, नरेंद्र बिष्ट, कमलेश सिंह, सतीश सिंह, गोविंद राणा, दिनेश राणा, रमेश राणा, सचिन राणा, तेज सिंह मैहर, तथा गणेश ठकुराठी आदि मौजूद रहे।

# छत से गिरे पुलिस कर्मी की मौत

**चंपावत में ड्यूटी के दौरान हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चंपावत में ड्यूटी के दौरान दो दिन पहले छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए पुलिस कर्मी की रविवार रात सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस महकमे में भी शोक की लहर दौड़ गयी।

मूल रूप से पातली अल्मोड़ा निवासी 2006 बैच के कांस्टेबल गोकुल टम्टा पूर्व में रुद्रपुर एसओजी में तैनात थे। करीब एक माह पूर्व ही उनका स्थानांतरण चंपावत हुआ था।



रक्षाबंधन पर्व देवीधुरा में लगने वाले प्रसिद्ध मेले में गोकुल की ड्यूटी लगी थी। इसी दौरान वह एक छत से दूसरी छत में जाने का प्रयास कर रहे थे, तभी पैर फिसलने के कारण वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रुद्रपुर जिला अस्पताल लाया गया, यहां से उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल रैफर किया गया था। रविवार रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस महकमे में भी शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक कांस्टेबल गोकुल टम्टा का परिवार यहां जयनगर में रहता है, बताया जाता है कि उनकी पत्नी आरती भी पुलिस विभाग में 112 कंट्रोल रूम में तैनात हैं। उनकी एक बेटी है।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव जीते युवक की बरेली में उपचार के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पहले सीने में दर्द के चलते उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

खटोला ग्रामसभा के वार्ड पांच के नवनिर्वाचित सदस्य 28 वर्षीय धीरज राय पुत्र कालीदार को कुछ दिन पहले सीने में दर्द हुआ था। उन्हें बरेली के राममूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका एक छह साल का बेटा है। पिता लकड़ी कटान का काम करते हैं। मौत से परिवार में कोहराम मचा है। गांव के मोक्ष धाम में उनके शव का दाह संस्कार किया गया। विधायक शिव अरोरा, दर्जाधारी उत्तम दत्ता, अमित नारंग, खड़क सिंह कार्की, मुकेश सिंह राणा, नेपाल विश्वास, सुमिलन, सुदर्शन कुमार, संजय कुमार, पुलिन कुमार, विश्वजीत और दीपंकर आदि ने शोक व्यक्त किया है। बताया जा रहा है धीरज ग्राम पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में खड़े हुए थे, लेकिन वहां मतदान से पहले वार्ड के लोगों ने उनको निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य चुन लिया था।

### फर्जी मार्कशीट मामले में ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी समेत तीन पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** फर्जी मार्कशीट मामले में ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी समेत तीन लोगों पर गदरपुर में केस दर्ज हुआ है। जिससे राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। चुनावी जंग में बढ़त के लिए अब कानून का सहारा भी लिया जा रहा है।

गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पद की प्रत्याशी जसविंदर कौर उनके पुत्र करण रंधावा और भतीजे गगन रंधावा के खिलाफ पुलिस ने फर्जी मार्कशीट मामले में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, फर्जी मार्कशीट की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की थी। जांच के दौरान प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाणपत्र संदिग्ध पाए गए। सत्यापन में दोषी पाए जाने के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रें के मुताबिक, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। इस मामले ने गदरपुर के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने पंचायत चुनाव को लेकर विवाद और तीखा कर दिया है।

### मुंबई से घर आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** मुंबई से घर आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कलकत्ता पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गऊघाट निवासी 28 वर्षीय आमिर खान पुत्र शमशाद खान मुबंई में चार साल से नौकरी करता था। वह बीते रविवार को अपने घर गऊघाट आया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी अपनी दो पुत्रियों के साथ मायके गई हुई थी। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आमिर खान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी मिलते ही एसआई बंसत प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

एसआई ने बताया कि मौके पर आमिर खान का शव चारपाई पर पड़ा था। परिजनों ने बताया कि आमिर ने घर के दो मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### खटीमा बार भवन में स्वास्थ्य निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सिविल न्यायालय खटीमा के बार भवन में सोमवार को लायंस क्लब खटीमा सिटी, दवा इंडिया जेनेरिक फार्मेसी तथा तथा अधिवक्ता एसोसिएशन खटीमा द्वारा शुगर व ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

लगभग 150 लोगों ने इस आयोजित शिविर का लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन खटीमा के अध्यक्ष एडवोकेट सूरज प्रकाश राणा को लायंस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा दवा इंडिया जेनेरिक फार्मेसी खटीमा स्टोर के स्वामी संतोष कुमार गुप्ता और उनकी टीम को इस आयोजन में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एड. सूरज प्रकाश राणा, सचिव एड. हरदेव सिंह, लायंस हरमीक सिंह, जॉन चेयर पर्सन राजकुमार अरोड़ा, प्रोग्राम चेयरमैन रमनदीप सिंह जेठी, प्रवीण उपाध्याय, राहुल कुमार कंसल, संतोष कुमार गुप्ता, होशियार सिंह बोहरा, अब्दुल माजीद, कमान सिंह धामी, बृजेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार गहतोड़ी, अनिल राणा, जसवीर सिंह राठौर, ममता शर्मा, मनोहर लाल विश्वकर्मा, नरेश चंद्र तिवारी, पूजा अग्रवाल, हरमनप्रीत सिंह दत्ता आदि सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### सूरजपुर के प्रधान गुरमीत सिंह को चुना गया प्रधान संघ अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विकास खण्ड के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की बैठक में ग्राम पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित प्रधान गुरमेज सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया।

जसपुर विकास खंड में हाल ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ है। ग्राम पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह के जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित प्रतिष्ठान सत्कार ढाबे पर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों द्वारा पूर्व की भांति प्रधान संघ के अध्यक्ष चुने जाने कीआवश्यकता पर बल दिया गया और प्रधान संघ का उद्देश्य व उसका महत्व बताया गया। उसके बाद सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों द्वारा कब करतल ध्वनि से व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। प्रधान संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरमेज सिंह ने प्रधान संघ का अध्यक्ष चुनने पर पर समस्त ग्राम प्रधानों को धन्यवाद दिया। और उनका आभार व्यक्त किया। बैठक का आयोजन नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर सुखवंत सिंह पन्नू के संरक्षण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत गढ़ी हुसैन के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान रविंदर सिंह ने व संचालन ग्राम पंचायत सन्यासियों वाला के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान आशीष कुमार उर्फ रिंकू चौहान ने किया। बैठक में प्रधान संघ के पूर्व अधक्ष कुलवीर सिंह, सौरभ अग्रवालकाशीपुर), गुरबख्श सिंह व कौशल कुमार गिरी ने अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ग्राम पधान रिशु (विनोद कुमार), प्रदीप कश्यप, सत्येंद्र कुमार, हरिओम सिंह, नवनीत कुमार चौहान, राजवीर कौर (धर्मेंद्र सिंह) करतार सिंह, नीना (घनश्याम सिंह), महेश सिंह, फिरदोस जहां (फरमान), रीना रानी (निरंजन), कविता देवी, विनीता (राजेंद्र सिंह) अंकुर, परवीन जहां (ताहिर हुसैन), शबाना परवीन, शाहिन खातून (मोहम्मद यूनुस), हरिओम सिंह, भावना (किशोर), सुमन (विजेंद्र सिंह) प्रदीप कुमार यादव, जितेंद्र मीणा व रणजीत सिंह, बलजीत कौर (गुरविंदर सिंह), सरिता देवी (मंजीत सिंह) वीर प्रीत कौर (जोवन सिंह), महेश मौजूद रहे।

## देशभक्ति के नारों के साथ निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संत कबीर मंडल की ओर से गंगापुर रोड स्थित फुलसुंगा क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्र का नेतृत्व नगर निगम महापौर विकास शर्मा ने किया। सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर और 'भारत माता की जय' व 'वंदेमातरम' के नारों के साथ पूरे मार्ग में देशभक्ति का माहौल बनाते रहे। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दक्ष चौक से मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू और जिला संयोजक बिट्टू चौहान ने संयुक्त रूप से किया। यात्रा दक्ष चौक से शुरू होकर रायल इन्क्लेव, देव होम, कौशल्या वाटिका, कौशल्या इन्क्लेव, सर्वेश्वरी इन्क्लेव, नंद विहार, बत्रा कॉलोनी, कस्तूरी वाटिका, विजय लक्ष्मी कॉलोनी समेत विभिन्न कालो. नियों से निकाली गई।

# जिलाधिकारी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

- **जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस के अंतर्गत कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें से लगभग 40 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।

जनसुनवाई में प्राथमिक शिकायतें स्कूल भवनों की मरम्मत और शिक्षकों की उपलब्धता से जुड़ी रहीं, जबकि अन्य शिकायतों में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, आवास, विस्थापन और विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। मानसून काल को देखते हुए विद्यालयों की मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग को 5 लाख कॉर्पस फंड स्वीकृत किया गया।

मुख्य शिक्षाधिकारी को जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों की तत्काल मरम्मत करने और आपदा काल में छात्रों का वाहन से मूवमेंट रोकने के निर्देश दिए। विवेकानंद स्कूल के बच्चों के सड़क बंद होने से फंसने की घटना पर संबंधित स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए। ग्राम जयकोट विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच हेतु तहसीलदार धारचूला की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई, जिसे शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और भवनों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

बसंती देवी (सिनेमा लाइन) द्वारा अपने परिजन के इलाज हेतु एम्बुलेंस और वित्तीय सहायता की मांग पर जिलाधिकारी ने सीएमओ को तुरंत एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और 5,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करने के आदेश दिए।

सीएमओ को जनपद में विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कैंप लगाकर दवाइयों के वितरण के निर्देश भी दिए गए। सभी एसडीएम को मजिस्ट्रियल जांचों में तेजी लाने के साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मानसून व अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने के आदेश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने गत सप्ताह समाचार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक समाचारों की भी समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों से कार्रवाई की जानकारी तलब की और सभी लंबित मामलों में शीघ्र कार्यवाही कर एटीआर (Action Taken Report) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में डीएफओ आशुतोष सिंह, सीएमओ डा. एसएस नबियाल, एसडीएम सदर मनजीत सिंह, डीडीओ रमा गोस्वामी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर...

## चंपावत ब्लॉक में भाजपा ने तीनों सीटों पर किया कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख एवं कनिष्ठ प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचन में सफलता हासिल की है। यहां प्रमुख पद पर अंचला बोहरा, ज्येष्ठ प्रमुख पद में भुवन चंद्र पांडे एवं कनिष्ठ प्रमुख पद पर मनोज कुमार जोशी को निर्वाचन अधिकारी डॉ नारायण सिंह द्वारा विजई होने का प्रमाण पत्र दिया गया। इस जीत के पीछे भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत का कुशल राजनेतिक प्रबंधन माना जा रहा है।इसी प्रकार लोहाघाट ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए भाजपा के महेंद्र सिंह एवं अंकिता बोहरा के बीच तथा ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए प्रकाश सिंह एवं किशोर रावत तथा कनिष्ठ प्रमुख के लिए शोभन सिंह व प्रकाश के बीच मुकाबला होगा।जबकि बाराकोट ब्लॉक में अनुसूचित जाति आरक्षित ब्लॉक प्रमुख की सीट में सीमा आर्या व सुनीता विश्वकर्मा के बीच मुकाबला होगा। यहां ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए दरबान सिंह एवं देवेंद्र सिंह तथा कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए केसवी देवी एवं कमला के बीच मुकाबला होगा। पार्टी में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश सिंह का क्षेत्रीय विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के पुत्र शंकर सिंह अधिकारी से ब्लॉक प्रमुख पद के लिए सीधा मुकाबला होगा।जबकि ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए खड़क सिंह व महेंद्र राम तथा कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए यहां चंपा देवी, नेहा बगोटी एवं ईश्वरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

## नगर में निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कल जयपुर में केंद्र सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भारतवर्ष की विशाल तिरंगा यात्रा निक. ाली जायेगी।

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के मंडल उपाध्यक्ष दीपक राणा ने राष्ट्रप्रेमी और भारत माता के परम वैभव के लिए सदैव तत्पर रहने वाले जसपुर क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों/ समाजसेवी संस्थाओं के प्रति. निधियों से आग्रह किया है कि हर घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित ष्भारतवर्ष की विशाल तिरंगा यात्राष में कल दिनांक 12 अगस्त 2025 सुबह 9:30 बजे सुभाष चौक जसपुर से एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी साथियों के साथ तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हो आपकी उपस्थिति देश के प्रति आपके समर्पण की अभिव्यक्ति होगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी ही 'आनंद' के लिए ढूंढ रही है आनंद को

- **किस मुहूर्त में पैदा हुए हैं 'आनंद', सफलता कर रही है उनका पीछा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** इस दफा जिला पंचायत की अध्यक्ष की कुर्सी के लिए कोई विवाद न होकर यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि कुर्सी ही 'आनंद' के लिए आनंद के पीछे पड़ी हुई है। दरअसल यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले की अपनी ऐसी शान, पहचान बनने के साथ लोगों की सोच है कि हमें ऐसा कार्य व्यवहार करना चाहिए जो दूसरों के लिए उदाहरण बन सके।

इसकी बानकी जिले के प्रथम नागरिक के होने वाले चुनाव में साफ देखी जा रही है। भाजपा प्रत्याशी ष्आनंदष किस मुहूर्त में पैदा हुए हैं कि उनके द्वारा गरसाड़ी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन करने के साथ अपनी राजनीति में प्रवेश करते ही, सफलता उनके लिए सभी बाधाएं दूर कर लगातार वहां ले जा रही है, जहां जिस कुर्सी को पाने के लिए मारामारी होती थी, वहां वहीं कुर्सी स्वयं के 'आनंद' के लिए ष्आनंदष के आने का इंतजार कर रही है। आनंद का मुंह मीठा करने का जबरदस्त दौर शुरू हो गया है।

## शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को अधिकारियों की हुई तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन के क्रम में अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष तथा क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख/ उप प्रमुख/कनिष्ठ उप प्रमुख के निर्वाचन को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से संपादित कराए जाने हेतु जनपद स्तर/विकास खण्ड स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु जनपद खंड स्तर पर प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष तथा क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, ज्येष्ठ उपप्रमुख, कनिष्ठ उपप्रमुख तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष के निर्वाचन 2025 के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार से प्राप्त / प्रकाश में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु जनपद स्तर पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, हेतु अधिकारियों की तत्काल प्रभाव से तैनाती की जाती है।

जनपद स्तर पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, अधिकारी का नाम पद नाम डा. दीपक सैनी, मुख्य विकास अधिकारी, जनपद स्तर पर प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम का नाम पद नाम निरंजन प्रसाद,अर्थ एवं संख्याधिकारी, विकास खण्ड स्तर पर प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम का नाम पद नाम विकास खण्ड विण राजेंद्र अवस्थी, प्रभारी खंड विकास अधिकारी विण,विकास खण्ड मूनाकोट हेतु आशा मेहता, विकास खण्ड कनालीछीना हेतु खंड विकास अधिकारी कनालीछीना प्रेम राम,विकास खण्ड डीडीहाट हेतु प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, डीडीहाट, चन्द्रशेखर लोहुमी, विकास खण्ड धारचूला हेतु प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, धारचूला, प्रदीप बिष्ट,विकास खण्ड मुनस्यारी हेतु प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, मुनस्यारी,जगदीश प्रसाद टम्टा, विकास खण्ड बेरीनाग हेतु खण्ड विकास अधिकारी, डीडीहाट, ललित मोहन गोस्वामी, विकास खण्ड गंगोलीहाट हेतु खण्ड विकास अधिकारी, गंगोलीहाट, सुश्री नेहा कुमारी को नियुक्त किया गया है।

## ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मैदान में उतरी तीन महिला प्रत्याशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए तीन महिलायें मैदान में उतरी हैं।जहां, भाजपा ने मिस्सरवाला, जसपुर निवासी अनूप कौर पत्नी तीरथ सिंह को अपना ब्लॉक प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया है। वहीं, मिस्सरवाला, जसपुर निवासी नवनीत कौर पत्नी जगरूप सिंह तथा कुंडा निवासी बलजीत कौर पत्नी हरजिन्दर सिंह ने भी अपने-अपने नामांकन किये हैं। उधर, ज्येष्ठ उप प्रमुख पद के लिए ग्राम भरतपुर, कुंडा, जसपुर निवासी परगट सिंह पुत्र कश्मीर सिंह तथा ग्राम अमियावाला, जसपुर निवासी सरनदीप कौर पत्नी सुरजीत सिंह ने नामांकन किये हैं। वहीं, कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए ग्राम गढ़ी हुसैन निवासी अमृत पाल कौर पत्नी देवेन्द्र सिंह तथा ग्राम उमरपुर, धर्मपुर निवासी विमल सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह ने अपने-अपने नामांकन किये हैं।

# उपकार सिंह बल निर्विरोध चुने गए सितारगंज ब्लॉक प्रमुख

- **धराली आपदा के कारण जश्न नहीं मनाने का निर्णय: बहुगुणा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** भाजपा के उपकार सिंह बल सितारगंज के निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख चुन लिए गए। नामंकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन तक और किसी प्रत्याशी ने उनके सामने पर्चा दाखिल नहीं किया। रूद्रपुर में रिटर्निंग ऑफिसर ने उपकार सिंह बल को प्रमाण पत्र सौंपा। उपकार के निर्विरोध निर्वाचन पर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने आवास में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के विजेता बनने पर हर्ष नहीं मनाया जाएगा। धराली की आपदा में दर्जनों लोगों को जान गंवानी पड़ी है। इसके अलावा संपत्तियों का भारी नुकसान हुआ है। इस कारण पार्टी की ओर से जश्न नहीं मनाया जाएगा। कहा कि इस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकास खण्ड से अधिकांश भाजपा कार्यकर्ता या पार्टी समर्थित प्रत्याशी की जीत हुई है। भाजपा प्रदेश के अन्य विकास खंडों और जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। कहा कि क्षेत्र में हुए विकास कार्यो की वजह से भाजपा के पक्ष में लोग खड़े हैं। कहा कि उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्य पिछले कई दशकों पर भारी साबित हुए हैं। यही वजह है कि विरोधी पार्टी यहां उम्मीदवार तक नहीं उतार पाया। कहा कि अन्य क्षेत्रों में भी भाजपा के उम्मीदवार परचम लहराएंगे। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, दर्जा मंत्री खतीब अहमद, पूर्व मण्डी चेयरमैन अमरजीत कटवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख गुरजीत सिंह, नगर पालिका चेयरमैन सुखदेव सिंह, सांसद प्रति. निधि कार्तिक राय, आदेश ठाकुर, नवनिर्वाचित ,जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल, उदय राणा, दया तिवारी,पूर्व छात्र नेता मृदुल त्रिपाठीष मोनू, पूर्व ग्राम प्रधान निर्मल सिंह, युवा मोर्चा जिलामहामंत्री मयंक अग्रवाल, राजा हालदार, मुकुल त्रिपाठी, सोनू माटा आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर अजय मौर्या की निर्विरोध ताजपोशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर सोमवार को भाजपा के संयुक्त सचिव अजय मौर्या की निर्विरोध ताजपोशी सिर्फ एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उत्तराखंड की पंचायत राजनीति के बदलते समीकरणों का स्पष्ट संकेत है।

खटीमा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य के रूप में जीत चुके मौर्या मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के करीबी माने जाते हैं, और यही नजदीकी उनकी निर्विरोध जीत का सबसे मजबूत आधार रही।

नामांकन प्रक्रिया में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने भले ही पर्चा खरीदा, लेकिन दाखिल नहीं किया। यह कदम अपने आप में राजनीतिक संदेश देता है।

सूत्रों के अनुसार, गंगवार परिवार को उत्तराखंड सरकार में कोई अहम जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है।

शायद 2027 के चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व ने यह समझदारी दिखाई कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मुकाबले की बजाय सहयोग का माहौल बनाया जाए, जिससे भविष्य में गंगवार परिवार का समीकरण बिगड़ने का खतरा न रहे।

## कलियर शरीफ दरगाह में जियारत की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ कलियर शरीफ दरगाह में हजरत साबिर पाक की जियारत की। हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि उन्होंने बस और कार में सवार होकर अपने 200 से ज्यादा मुस्लिम समाज के अकीदतमंद लोगों के साथ कलियर शरीफ पहुंचे।जहां पर उन्होंने प्रधान हज्जन नरगिस,परिजनों और लोगों के साथ हाजिरी लगाई और दुआएं मांगी। उन्होंने दुआओं में मुल्क की तरक्की, अमन चौन और कौम के लिए दुआएं मांगी गई। हज्जन नरगिस और हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि कलियर शरीफ दरगाह में आकर उन्हें बहुत सकुन मिलता है और यहां पर मांगी गई हर दुआ कबूल होती है।बताया कि वह हर साल अपने परिवार और समर्थकों के साथ यहां आते हैं।कहा कि जल्द ही वह अपने परिवार और समर्थकों के साथ हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह आलिहि के बारगाह में जाएंगे।इस दौरान बिलाल अंसारी, मोहम्मद मकसूद मोहम्मद सिराज,सलीम अहमद,फईम अंसारी, पेशकर अहमद, मोहम्मद अली, मारूफ खान,अकील अहमद, मोनिस आदि शामिल रहे।

## दो ब्लॉक प्रमुख, दो ज्येष्ठ प्रमुख, दो कनिष्ठ प्रमुख में दाखिल हुए नामांकन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ब्लॉक प्रमुख पद के चुनाव को लेकर दो नामांकन पत्र दाखिल हुए। ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल हुए कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल हुए। ब्लॉक प्रमुख पद के चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी सुखमन कौर औलख पत्नी जोरावर सिंह भुल्लर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

ब्लॉक प्रमुख पद के भाजपा प्रत्याशी विकास शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। ब्लॉक प्रमुख ज्येष्ठ पद के लिए कांग्रेस से रजनीत सिंह सोनू ने नामांकन पत्र दाखिल किया। ब्लॉक प्रमुख ज्येष्ठ पद के भाजपा से तेजेंद्र सिंह सैनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए सपा से अमित कुमार और रविंदर कौर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बाजपुर के ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर भारी संख्या में



पुलिस फोर्स तैनात किया है। वहीं हरजसपाल हैरी ने कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के लिए पर्चा खरीदा था लेकिन आज नामांकन नहीं किया। नामांकन पत्र के लिए 10:बजे से 3: बजे तक नाम वापसी 12 अगस्त को 2: बजे तक 14 अगस्त को 10:बजे से 3: बजे तक मतदान होगा, उसके बाद मतगणना करने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी पूर्व नेता डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंडित अभिराज शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल टिंकू तोमर, सुरेंद्र सिंह नामधारी, राजेश कुमार, गौरव शर्मा, बिट्टू चौहान, सुशील वर्मा, आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध - विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आकांक्षा गहलौत पुत्री अरविंद कुमार की हर्षित चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह मोहल्ला वैशाली कॉलोनी निवासी ने बहला फुसला कर 26/07/2025 को ले गया। प्रार्थी व उसके अन्य रिश्तेदारों के बिना सहमति के विवाह कर लिया। वर्तमान में दोनों एक साथ रह रहे हैं। अब मेरा व मेरे रिश्तेदारों से मेरी पुत्री के किसी तरह का संबंध नहीं हैं और मैं अपनी पुत्री आकांक्षा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से अपने अच्छे बुरे कार्यों एवं किसी भी लेन देन व मुकदमों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझ प्रार्थी या मेरे बाकी परिवार से कोई सरोकार न होगा।

**प्रार्थी**
**अरविंद कुमार पुत्र श्री रामकृष्ण चौहान**
**निवासी-मौहल्ला बैशाली कालोनी,**
**जसपुर, थाना जसपुर**
**जनपद ऊधम सिंह नगर**

## जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कुर्सी में भाजपा ने किया कब्जा

- **अध्यक्ष पद के लिए आनंद अधिकारी एवं उपाध्यक्ष के लिए टनकपुर की पुष्पा विश्वकर्मा ने किया अपना नामांकन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर आनंद सिंह अधिकारी एवं उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पा विश्वकर्मा द्वारा ही नामांकन किए जाने से दोनों का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। दोनों ही भाजपा के प्रत्याशी है। आनंद के नाम का प्रस्ताव सुनीता जोशी, अनीता प्रथोली,अशोक महरा एवं योगेश जोशी ने किया जबकि उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा के नाम का प्रस्ताव जनकांडे के अशोक मेहरा व फर्तोला क्षेत्र से विजई जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी ने किया।

इस अवसर पर रमेश भट्ट, सूरज प्रहरी के अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सावंत, जिला प्रभारी वीरेंद्र बल्दिया, शंकर कोरंगा,सतीश चंद्र पांडे, एडवोकेट शंकर दत्त पांडे विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी,



सुनील पुनेठा,निर्मल मेहरा, सुभाष बगौली आदि लोग मौजूद थे।

रिटर्निंग ऑफिसर कि ओर से जयवर्धन शर्मा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग आर्या ने नामांकन पत्र स्वीकार किया। जबकि आरओ/जिलाधिकारी मनीष कुमार ने दोनों को निर्विरोध निर्वाचन का का प्रमाण पत्र जारी किया।

बाद में भाजपा ने विजय जुलूस निकाला,जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओ ने शामिल होकर अपनी खुशी का इजहार किया। पार्टी प्रत्याशी आनंद अधिकारी ने अपने निर्वाचन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन तथा पार्टी के वरिष्ठ व कनिष्ठ पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ईश्वर एवं अपने माता-पिता के श्रीचरणों में नमन किया। जिनकी बदौलत उन्हें जिले का प्रथम नागरिक बनने का सौभाग्य मिला है। आनंद का जुलूस चंपावत के बाद गृह नगर लोहाघाट की ओर प्रस्थान कर गया। जिसमें वाहनों की बड़ी लंबी कतार लगी हुई थी। यहां उनके आते ही लोहाघाट क्षेत्र आतिशबाजी से गूंज उठा। जहां उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उधर आनंद के हतरंगिया स्थित आवास में जैसे ही उनके निर्विरोध निर्वाचन का समाचार मिला,लोगों का रूख उनके आवास की ओर हो गया। जहां उनके पिता प्रमुख राजकीय ठेकेदार दिलीप सिंह अधिकारी एवं माताश्री भागीरथी अधिकारी को लोग बधाइयां दे रहे थे।

## लावारिस मवेसी से टकराकर बाइक सवार सेना के जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पहेनिया चौराहे के पास रविवार देर रात लावारिस मवेशी से बाइक टकराने से सेना के जवान की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर कार्यवाही शुरू कर दी है। नानकमत्ता के बिचई गांव निवासी 26 वर्षीय अमनदीप सिंह पुत्र मक्खन सिंह भारतीय सेना की सिख लाइट इन्फेंट्री रेजीमेंट की 12 वीं बटालियन में लॉस नायक के पद पर एलओसी कुपवाड़ा में तैनात था। छह अगस्त को वह 25 दिनों की छुट्टी पर घर आये थे। रविवार को वह अपने साथी टुकड़ी नानकमत्ता निवासी प्रशांत राणा पुत्र उमेश सिंह राणा के साथ बाइक से अलाविर्दी निवासी अपनी बुआ के घर आए थे। यहां से दोनों बाइक से देर रात वापस नानकमत्ता लौट रहे थे। पहेनिया चौराहे पर अचानक सामने आए लावारिस पशु से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने अमनदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रशांत राणा के परिजन उन्हें इलाज कराने के लिए सितारगंज ले गए।

# नोटिस जारी कर हटवाएं रोड से अतिक्रमण

## रुड़की तहसील के ग्राम मुहाना में रोड पर अतिक्रमण के मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के रुड़की तहसील के ग्राम मुहाना रामनगर रोड पर दो मीटर रोड पर अतिक्रमण किए जाने के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि अगर रोड पर अतिक्रमण हुआ है तो इसमें एसडीएम समेत राजस्व विभाग तथा लोनिवि के अधिकारियों की एक टीम गठित कर मामले की जांच कराएं वहीं अगर रोड पर अतिक्रमण हुआ है तो अतिक्रमणकारियों को नियमों के तहत नोटिस जारी कर उन पर सुनवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाएं। मामले के अनुसार रुड़की निवासी मोनू कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम नारसन से रामनगर रुड़की जाने वाली रोड पर नारशन में रोड के करीब 200 मीटर के भीतर अतिक्रमण करके रोड को अति संकरा कर दिया है। जिसको अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उनके द्वारा प्रशाशन व सबंधित विभाग को दो बार नोटिस भी दिया गया। उस नोटिस के क्रम में अतिक्रमण हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने अतिक्रमण करने वालो को नोटिस दिया गया। नोटिस देने के बाद भी इनके द्वारा अतिक्रमण नही हटाया गया। नोटिस के आधार



पर अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस की मदद विभाग ने मांगी जो कि अभी नही मिली। जनहित याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया है कि इस अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाय ताकि कोई रोड दुर्घटना फिर से ना हो। अतिक्रमण होने की वजह से यहां पर बार बार दुर्घटना होती आई हैं।

### आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नैनीताल।** देहरादून जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के मामले में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता कोई राहत नहीं देते हुए प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। बता दें कि अभिषेक सिंह की ओर से देहरादून के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण को एक चुनौती दी गयी थी साथ ही चुनाव लड़ने के लिये अंतरिम राहत देने की मांग की गयी थी। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में इस मामले की सोमवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि प्रदेश सरकार की ओर से देहरादून के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये जो आरक्षण तय किया है वह गलत है। नियमों की अनदेखी की गयी है। त्रिस्तरीय पंचायत अधिनियम का उल्लंघन किया गया है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कहा कि सरकार ने नियमों का अनुपालन किया है। याचिकाकर्ता को सुना गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिये निर्वाचन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ऐसे में चुनाव में हस्तक्षेप करना उपयुक्त नहीं है। अदालत ने प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए सरकार से 4 सप्ताह में विस्तृत शपथपत्र और याचिकाकर्ता को 2 सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र पेश करने को कहा है। दूसरी ओर कोर्ट ऊधमसिंह नगर के मामले में मंगलवार (आज) को सुनवाई करेगी।

### मुकदमे निरस्त करने की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न/मारपीट व जान से मारने का प्रयास करने के संबंध में दर्ज मुकदमों को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में लक्सर निवासी मोहि. हत व अन्य ने उनके खिलाफ पुलिस द्वारा 29 मई 2020 को दायर चार्जशीट तथा 7 दिसंबर 2020 के सम्मन आदेश तथा आपराधिक वाद संख्या 1167/2020 राज्य बनाम मोहित व अन्य की कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला दहेज उत्पीड़न/मारपीट/ जान से मारने की धमकी देने के संबंध में था। मामले में पीड़िता ने अपने पति मोहित व ससुराल पक्ष पर शारीरिक उत्पीड़न व दहेज मांगने के आरोप लगाते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट, लक्सर के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, इसके बाद 29 अगस्त 2019 को अलग से एफआईआर दर्ज कराई गई जिसमें जांच उपरांत पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि प्राथमिकी में कोई ठोस अपराध नहीं बनता और पुलिस ने तकनीकी ढंग से चार्जशीट दायर कर दी। साथ हीए पहले से लंबित 156(3) के आवेदन के बावजूद नई एफआईआर दर्ज करना व पीड़िता की दुर्भावना को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि दोनों मामलों में समान तथ्यों के आधार पर कार्यवाही हो रही है इसलिए धारा 210 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत दोनों की सुनवाई एक साथ की जाए। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जांच अधिकारी को पूर्व में दाखिल 156(3) आवेदन की जानकारी नहीं थी और जांच के बाद गवाहों के बयान व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने माना कि दोनों मुकदमों के तथ्यों में भिन्नता है क्योंकि एफआईआर में धारा 323 व 354 आईपीसी जैसे अतिरिक्त आरोप भी शामिल हैं। ऐसे में धारा 210 दंप्रसं के तहत एक साथ सुनवाई का आधार नहीं बनता। अदालत ने पाया कि विवादित तथ्य केवल विचारण (ट्रायल) के दौरान ही तय हो सकते हैं। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### याची का पक्ष सुनकर जांच कराएं अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने लक्सर हरिद्वार के ग्राम रियाशी में ग्राम सभा की भूमि पर कुछ ग्राम सभा के लोगों के द्वारा अवैध रूप से ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के मामले दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को निस्तारित करते हुए सोमवार को उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की जांच करके संबंधित अधिकारियों को 6 हफ्ते के भीतर विधि अनुसार उनका पक्ष सुनते हुए निस्तारित करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार ग्राम सभा लक्सर रियाशी हरिद्वार निवासी अंकुल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण करा जा रहा है। जिसकी वजह से ग्राम के आम रास्ते खेल के मैदान सहित चारागाह प्रति बन्धित हो गए हैं। इसपर जब ग्रामवासियों के द्वारा विरोध दर्ज किया गया और इसकी शिकायत संबंधित विभाग को की गई तो उनके प्रार्थनापत्र पर विभाग ने कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं की गई। ग्राम सभा की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए उनके द्वारा सोमवार को उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की। उनका पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश अतिक्रमण हटाने के लिए जारी किया है।

## एक नजर

### नैनीताल में होटल, ढाबों पर चेकिंग

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में होटल ढाबों में पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुकान में शराब पिलाने पर दो दुकान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बता दें कि सोमवार को मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से होटल ढाबों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों से ग्राहकों को शराब न परोसने की अपील की। चैकिंग के दौरान ही दो दुकानों में ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाने पर जमकर फटकार लगाई। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि अवैध तरीके से शराब पिलाने पर मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र निवासी राज सहदेव व हिमांशु के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन सोमवार को 402 दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया गया। इस अवसर पर गोविंद कापड़ी, उमेश कापड़ी तथा मंदिर के पुजारी ओली शामिल रहे।

### छात्र संघ गठन और क्लस्टर योजना का विरोध

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड छात्र संगठन की आयोजित बैठक में विश्वविद्यालयों में तत्काल छात्र संघ गठन की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। जिससे छात्र राजनीति को नई दिशा मिल सके। संगठन ने शिक्षा के बाजारीकरण का विरा. ेध करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा सैकड़ों विद्यालयों को बंद कर क्लस्टर योजना लागू करने की कड़ी निंदा की। बैठक में कहा गया कि यह कदम अनेक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और बेहद चिंता जनक है। भावना पांडे ने कहा कि क्लस्टर विद्यालय बनने से बालिकाओं की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा, हज़ारों शिक्षकों के पद समाप्त होंगे और सरकार शिक्षा का बाजारीकरण करते हुए रोज़गार भी खत्म कर रही है। यह केवल छात्रों की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या है, जिस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। संगठन ने सभी छात्र संगठनों से जनता के विद्यालय बचाने के लिए आगे आने और उत्तराखंड छात्र संगठन को मज़बूत बनाने की अपील की। बैठक में सोनी मेहता, भारतेंदु भाकुनी, हेमा, दीपांशु पांडे, किरन आर्या, जया साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### हाइवे पर मलबा आने से तीन घंटे यातायात ठप

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब मार्ग पर मलबा और बोल्डर आने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटा कर मार्ग खोला जा सका। इस दौरान यात्री घंटों तक आवाजाही शुरू होने का इंतजार करते रहे। क्वारब की दरक रही पहाड़ी लंबे समय से लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पहाड़ी से आए दिन मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। इससे हाइवे पर यातायात बाधित हो रहा है। सोमवार सुबह लगातार बारिश के बीच पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। इस कारण सड़क पर आवाजाही बाधित हो गई। लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क बंद होने के कुछ ही देर में दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### अल्मोड़ा में बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

**अल्मोड़ा।** जिले में दो दिन से हो रही आफत की बारिश ने लोगों की दुश्वा. रियां बढ़ा दी हैं। लगातार हो रही बारिश से जहां जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या पटरी से उतर गई है। कई क्षेत्रों में भूस्खलन और बिजली-पानी की समस्या बढ़ गई है। जिलेभर में इन दिनों मानसूनी बारिश जारी है। लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। सड़कों में मलबा और बोल्डर आने से यातायात प्रभावित हो गया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ते जा रही है। सोमवार को जिले की जालली-मासी और कफड़ा-क्वेराला सड़क पर आवाजाही बंद रही। इससे कई गांवों के ग्रामीण अलग-थलग पड़ गए हैं। वहीं, जिला मुख्यालय में हुई सड़कों में लबालब पानी भर गया। इससे आवाजाही करने वाले पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालस समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार रात से सोमवार दिन भर झमाझम बारिश हुई। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अल्मोड़ा में 10.02 मिमी, रानीखेत में 17.0 मिमी, चौखुटिया में 12.0 मिमी, भिकियासैंण में 15.05 मिमी, सोमेश्वर में 16.0 मिमी, जागेश्वर में 19.05 मिमी, ताकुला में 19.5 मिमी, सल्ट में 24.05 मिमी, शीतलाखेत में 11.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

### कुलपति ने डीजी आईसीएआर से की भेंट

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, डेयर के सचिव डा. एमएल जाट से भेंट की। बैठक में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं एवं कृषि विज्ञान केंद्रों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। डा. जाट ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाएगा तथा विश्वविद्यालय को शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों में किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 209 वां स्थान प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय को बधाई दी।

### 6 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुख पदों के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने जानकारी दी कि सोमवार को कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख पद के लिए रामपुर क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीषा जंतवाल और गेबुआ से क्षेत्र पंचायत सदस्य चित्रा बिष्ट ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। वहीं, ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए राहुल पंत और गीता तिवारी, तथा कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए अपूर्वा बिष्ट और मिनिता जोशी ने भी नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद कल मंगलवार को नाम वापसी की प्रक्रिया चल सकती है।

### खूपी में कई परिवारों को खतरा, प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा

**नैनीताल।** नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। बारिश के दौरान एसडीएम ने खूपी क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है। साथ ही खतरे की जद में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील भी की। प्रशासन की ओर से क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते प्राथमिक विद्यालय व इंटर कॉलेज में ठहरने की व्यवस्था की गई है। बता दें कि रविवार को तेज वर्षा के चलते एसडीएम नवाजिश खलीक ने सोमवार को खूपी क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर भूधंसाव व खतरे को लेकर जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी परेशानियां एसडीएम को बताई। एसडीएम ने बताया कि खूपी क्षेत्र में फिलहाल वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर राजस्व निरीक्षक व ग्रामीणों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि क्षेत्र में पहले ही प्रभावितों को गांव छोड़कर सुरक्षित रहने की अपील की है। बताया कि अब तक प्रभावित परिवार गांव में ही रह रहे हैं। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव के लोगों के लिए फिलहाल स्कूलों में रहने की व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से राशन के किट भी बना लिए गए हैं। यहीं नहीं ग्रामीणों के पशुओं के लिए भी व्यवस्थाएं बनाई गई है। बताया कि फिलहाल क्षेत्र की स्थिति सामान्य है।

### संकष्टी चतुर्थी व्रत रखने से टल सकता है संकट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक मंगलवार (आज) होने वाले संकष्टी चतुर्थी व्रत से बड़े से बड़ा संकट टल



सकता है इसलिए हर व्यक्ति को हर व्रत जरुर करना चाहिए। आचार्य जोशी ने बताया कि मंगलवार (आज) को संकष्टहर चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। इस दिन यदि चतुर्थी तिथि की बात करें तो प्रातः 8.41 बजे से चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी। यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन पूर्व भाद्रपद नामक नक्षत्र 11.52 बजे तक है। यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जानें तो इस दिन चंद्र देव प्रातः 6.10 बजे तक कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे तदुपरांत चंद्र देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। जोसी के मुताबिक यदि पूजा के शुभ मुहूर्त की बात करें तो इस दिन चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्ध्य देने के साथ पूजन किया जाता है। इस दिन चंद्रोदय रात्रि 8.59 बजे होगा। अलग-अलग जगह पर चंद्रा. ेदय का समय कुछ मिनट आगे पीछे हो सकता है। संकष्टहर चतुर्थी व्रत कथा राजा नल से संबंधित है। राजा नल को जुआ खेलने की लत थी। जुए में अपना सारा राज्य हार गए थे। शापवश राजा नल को अपना राज्य खोना पड़ा और रानी के वियोग से कष्ट सहना पड़ा। तब दमयंती ने इस व्रत के प्रभाव से अपने पति को पुनः प्राप्त किया। इस व्रत के प्रभाव से नल ने भी सभी सुख प्राप्त किए। अतः संकष्टी चतुर्थी का यह व्रत विघ्न का नाश करने वाला तथा सुख प्रदान करने वाला है।

### लैंडस्लाइड:- जजरेड मोड पर पहाड़ों से मलबा व बड़े पत्थर गिर रहे नीचे

शाह टाइम्स संवाददाता कालसी। चकराता मोटर मार्ग पर एक बार फिर बड़ा लैंडस्लाइड हुआ है। सबसे बड़े लैंडस्लाइड जोन जजरेड मोड पर पहाड़ों से लगातार मलवा और बड़े पत्थर नीचे गिर रहे हैं। भारी भूस्खलन की वजह से जौनसार बाबर की लाइफ लाइन कहे जाने वाला ये मुख्य मार्ग पूरी तरीके से बंद हो चुका है। रास्ता बंद होने की वजह से दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लग गई। लोक निर्माण विभाग की 2 जेसीबी मशीने लगातार मलवे को हटाने का काम कर रही है। फिलहाल ये रास्ता पूरी तरीके से बंद हो चुका है और रुक-रुक कर पहाड़ों से जानलेवा मलवा और पत्थर नीचे गिर रहे हैं।

## जिला अस्पताल में बालरोग विशेषज्ञ नहीं, लौट रहे मरीज़



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में बच्चों का चिकित्सक नहीं है। यहां वैकल्पिक व्यस्था के लिए कपकोट से चिकित्सक आ रहे हैं। लेकिन मौसम व सड़कें खराब होने पर वे भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जबकि प्रतिदिन अस्पताल में 20 से 25 बीमार बच्चे पहुंच रहे हैं। बता दें कि जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ को सीएमओ कार्यालय में अटैच किया गया है। जिन्हें सीएमओ कार्यालय गए एक सप्ताह हो चुका है।

जिला अस्पताल में एकमात्र बाल रोग विशेषज्ञ होने के कारण अब यहां बच्चों को देखने वाला कोई नहीं है। लोगों के कहने पर कपकोट के बाल रोग चिकित्सक को रोटेशन में तैनात किया गया है। सोमवार को जिला अस्पताल में बीमार बच्चों की लाइन लगी रही। वे चिकित्सक के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन बारिश व सड़क खराब होने के कारण कपकोट से चिकित्सक समय से नहीं पहुंच पाए। अस्पताल के स्टाफ का कहना है कि आए दिन लोग बीमार बच्चों को लेकर यहां पहुंच रहे हैं। लेकिन चिकित्सक न होने के कारण उन्हें रेफर करना पड़ रहा है। लोगों ने शासन प्रशासन से जल्द जिला अस्पताल में बाल रोग चिकित्सक की तैनाती करने की मांग की है। इधर सोमवार को एक बार फिर अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही। दिन भर चिकित्सक मरीजों को देखते रहे। अधिकांश मरीज फीवर, जुकाम, व डेली रूटीन चेकअप को पहुंचे।

## सुश्रुत में 700 औषधीय पौधों का उल्लेखः प्रो. तिवारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने एमएमटीटीसी द्वारा आयोजित किए जा रहे फैकल्टी इंडेक्शन कार्यक्रम में औषधीय पौधों के वितरण तथा उनकी आर्थिकी में योगदान विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. तिवारी ने कहा कि 3000 बीसी पहले सुमिरन सभ्यता पर पौधों का संकलन शुरू हुआ। सुश्रुत में 700 औषधीय पौधों का उल्लेख मिलता है। पूरे विश्व में 50 से 70 हजार औषधीय तथा एरोमेटिक पौधे मिलते हैं, किन्तु पूरे विश्व में इनका दोहन लगभग 80 प्रतिशत जंगलों से ही होता है। वर्तमान में भी तुलसी, नीम, अदरक, अमला, ब्राह्मी, लॉन्ग, इलायची, काली मिर्च, हल्दी, ईसबगोल, सिनकोना, अश्वग. ंधा मानव की लिए बहुत महत्पूर्ण हैं।



उत्तराखंड में 250 औषधीय पौधे आडियो में बिकते हैं जबकि उत्तराखंड में 701 औषधीय पौधों मिलते हैं। प्रो. तिवारी ने कहा कि पूरे विश्व में 14 बिलियन डॉलर का कारोबार औषधीय पौधों का है। कहा कि आने वाले 25 वर्षों में औषधीय पौधे विश्व की आर्थिकी में बेहतर भागीदारी करेंगे। उन्होंने किलमोरा, सन पत्ता, पीपली तथा वसा की जानकारी सहित अष्ट वर्ग पौधे के बारे में भी जानकारी दी। प्रो. तिवारी ने कहा कि इनके संरक्षण तथा कल्टीवेशन के बहुत जरूरत है।

## भाजपा-कांग्रेस ने शक्ति-प्रदर्शन के साथ कराया नामांकन

### जिपं. अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा की दीपा दरम्वाल और कांग्रेस की पुष्पा नेगी में मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए 14 अगस्त वीरवार को होने वाले चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को आयोजित नामांकन प्रक्रिया में दो अध्यक्ष एवं दो उपाध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे।

इसके बाद प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ ही एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। जिला पंचायत कार्यालय में सोमवार को आयोजित नामांकन प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी एडीएम विवेक राय समेत अन्य आला अधिक. ारियों की मौजूदगी में प्रक्रिया को शुरू किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से दीपा





दरम्वाल ने नामांकन कराया जबकि उपाध्यक्ष पद पर बहादुर सिंह नगदली ने नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशियों के साथ ही संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इसके अलावा कांग्रेस से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ पुष्पा नेगी ने नामांकन किया जबकि उपाध्यक्ष पद पर देवकी बिष्ट ने पर्चा भरा। इस दौरान प्रत्याशियों के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने यहां एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। जिसके बाद ढोल नगाड़ों संग कुछ देर जुलूस भी निकाला गया। चुनाव अधिकारी विवेक राय ने बताया कि नामांकन के बाद नामांकन पत्रों की जांच संपन्न हो चुकी है। सभी नामांकन वैद्य पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार (आज) नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 14 अगस्त वीरवार को सुबह 10 बजे से शाम को 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद वियजी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। जिले में नव निर्वाचित 27 जिला पंचायत सदस्य इस चुनाव में मतदान करेंगे।

## जिला पंचायत पद का मामलाः जांच के दौरान गरमा गया माहौल

### कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी के समर्थकों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर तय हो गई है। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी पुष्पा नेगी और भाजपा समर्थित प्रत्याशी दीपा दरमवाल ने अपने-अपने समर्थकों के साथ जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान माहौल अचानक गरमा गया। कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी ने आरोप लगाया कि जांच प्रक्रिया के दौरान उनके साथ उत्पीड़न किया गया और उनका नामांकन रद्द करने की को. शिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी और भाजपा समर्थक मिलकर उन्हें चुनाव से बाहर करने की साजिश रच रहे हैं।

आरोप लगाया कभी उनके हस्ताक्षर बदलने कभी जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगाते हुए नामांकन रद्द करने का प्रयास किया गया। जिसके बाद नामांकन जांच स्थल पर कांग्रेस समर्थक भीड़ इकठ्ठा हो गई और नारेबाजी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया और दोनों पक्षों को शांत



कराया। वहीं मामले में सहायक निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने बताया कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों ने एक दूसरे के खिलाफ जमीन कब्जाने के आरोप पत्र दिया है जिनकी जांच के लिए जिलाधिक. ारी को पत्र भेज दिया है। नामांकन पत्रों की जांच नियमानुसार की जा रही है और किसी भी प्रत्याशी के साथ भेदभाव नहीं होगा। दोनों प्रत्याशियों का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है।

## आज आर्मी बैंड से गुलाबराय मैदान तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

**रुद्रप्रयाग।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को गरिमा के साथ मनाया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल।**

पत्रांक: 962/X-6 **नोटिस** दिनांक: 1-08-2025

1. मो0 मतलूब पुत्र स्व0 मो0 याकूब निवासी एम्पायर होटल तल्लीताल बाजार तल्लीताल नैनीताल। 2. श्रीमती सुरमा देवी पत्नी स्व0 श्री विजय सिंह भंडारी निवासी बी0डी0 पांडे काम्प्लैक्स मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) के अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं0 3 चार्टन लौज मल्लीताल नैनीताल स्थित भूखण्ड रकवा 35.31 वर्गमी0 सम्पत्ति जो कि पालिका अभिलेखानुसार श्रीमती सुरमा देवी पत्नी स्व0 श्री विजय सिंह भंडारी के नाम से दर्ज है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है। उक्त सम्पत्ति की प्रविष्टी मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन एवं वार्षिक भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। पंजीकृत विक्रय लेख पत्र दिनांक 17.05.2025 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्रीमती सुरमा देवी पत्नी स्व0 श्री विजय सिंह भंडारी के स्थान पर मो0 मतलूब पुत्र स्व0 मो0 याकूब निवासी का नाम स्वामी के रुप में प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है। अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वंय या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनाँक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनाँक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**, नगरपालिका परिषद, नैनीताल।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल।**

पत्रांक: 963/X-6 **नोटिस** दिनांक: 1-08-2025

1. मो0 मतलूब पुत्र स्व0 मो0 याकूब एवं श्रीमती आशू परवीन पत्नी मो0 मतलूब निवासी एम्पायर होटल तल्लीताल बाजार तल्लीताल नैनीताल। 2. दानिश लईक सिददकी पुत्र स्व0 लईकुल हसन सिददकी निवासी रौयल होटल कम्पा0 मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) के अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं0 3 भवन सं0 311 चार्टन लौज मल्लीताल नैनीताल स्थित भूखण्ड रकवा 42.87 वर्गमी0 ग्राउण्ड फ्लोर 33.10 वर्गमी0 कुल निर्मित 75.97 वर्गमी0 सम्पत्ति जो कि पालिका अभिलेखानुसार दानिश लईक सिददकी पुत्र स्व0 लईकुल हसन सिददकी के नाम से दर्ज है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है। उक्त सम्पत्ति की प्रविष्टी मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन एवं वार्षिक भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। पंजीकृत विक्रय लेख पत्र दिनांक 17.05.2025 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित दानिश लईक सिददकी पुत्र स्व0 लईकुल हसन सिददकी के स्थान पर मो0 मतलूब पुत्र स्व0 मो0 याकूब एवं श्रीमती आशू परवीन पत्नी मो0 मतलूब का नाम संयुक्त रुप से स्वामी के रुप में प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है। अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वंय या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनाँक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनाँक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**, नगरपालिका परिषद, नैनीताल।



# अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

**इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में खिताब जीतने वाली अनु रानी ने 62.01 मी. थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता।

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डीएल हटारबाग लेखा (56-27 मीटर) और दीपिका (54-20 मीटर) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था।

शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे राना. सिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78. 53 मीटर) क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगवान को (20-95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23:95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24:11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24:56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45:72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।अमोज जैकब 45: 86 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और संतोष कुमार टी 46 : 89 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46:60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15:13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17:66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कि हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है। बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा किआखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जाद. गरनी होंगी। उन्हें सरल पो. जिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं। उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## करेन खाचानोव ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**अमेरिका, वार्ता।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में ग्रिगोर दिमित्रोव 318 जीत के साथ शीर्ष पर है। 309 मैच जीतने वाले डेनियल मेदवेदेव दूसरे स्थान, 288 जीत के साथ एलेक्जेंडर जेवरेव तीसरे, मिलोस264 चौथे, रुबलेव 253 पांचवें, डेविड 228 छठे, फ्रिट्ज 221 सातवें, स्टेफ़ानोस 219 आठवें,डी मिनौर 212 नौवें व करेन खाचानोव 200 जीत के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए है।

## आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में टेका मत्था

**वाराणसी, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बनारसी अंदाज में गलियों में चाय की चुस्की का भी आनंद लिया। आचार्य वेंकटेश मिश्र ने बताया कि आकाशदीप ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काशी में दर्शन-पूजन की तस्वीरें साझा करते हुए आकाशदीप ने लिखा किना सोना मांगा, न चांदी मांगी, बस चरणों में यही वंदना मांगी।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आखिरी बाधा को तोड़ देंगे: हरमन प्रीत

- **घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद हैं कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे**



**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान ने सोमवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आखिरी बाधा को तोड़ते हुए भारतीय प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करेंगे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आगामी विश्वकप की उलटी गिनती शुरू होने पर हरमनप्रीत ने कहा किघरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और उम्मीद है कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे और आखिरकार उस बाधा को तोड़ देंगे जिसका सभी भारतीय प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं।

भारत 2005 में उपविजेता रहा, 2009 में तीसरे और 2013 में सातवें स्थान पर रहा। 2017 में वे खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन लॉर्ड्स में इंग्लैंड से फाइनल हार गए, और 2022 में पांचवें स्थान पर रहे। हरमनप्रीत ने 2017 के टूर्नामेंट के उस निराशाजनक पल को याद किया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय कप्तान ने याद करते हुए कहा किमुझे आज भी वह पारी याद है। वह बहुत खास थी। उसके बाद मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कुछ बदल गया। उस समय मुझे पूरी तरह से एहसास नहीं था कि क्या हुआ था लेकिन जब हम फाइनल हारने के बाद भारत लौटे, तो हमारा इंतजार कर रहे और हमारा उत्साहवर्धन कर रहे लोगों की संख्या वाकई उल्लेखनीय थी। वह बहुत खास था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पैनल चर्चा से पहले किया, जिसमें हरमनप्रीत और आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के अलावा भारतीय क्रिकेट स्टार मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल थीं।

# सीएसके बताए आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: आर अश्विन

- **अगर मैं टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठता तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है**

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है।

खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, लकग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे। सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है।

# नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा में पास

- **आजादी के बाद सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था: खेल मंत्री मनसुख**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदे. ही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। संसद में सुबह हंगामे के कारण सदन स्थगित हुआ, लेकिन दोपहर 2 बजे दोबा. रा शुरू होने पर दोनों बिल पास हो गए। विपक्ष के अधिकतर नेता उस समय सदन में नहीं थे, क्योंकि वे चुनाव आयोग के ऑफिस की ओर मार्च करते हुए हिरासत में ले लिए गए थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में विपक्ष लौटकर नारेबाजी करने लगा। हंगामे के बीच बिल को वायस वोट से पास किया गया। बीसीसीआई पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

# एशिया कप: हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

- **सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितम्बर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांडआ 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंडआ ने आखिरी इंटरनेशनल मुक. ाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी।

34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकव. री की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# हॉकी की 30 टीमें नए डिवीजन आधारित प्रारूप में करेंगी प्रतिस्पर्धा

- **टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है।

डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी। डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेल. ीगेशन का सामना करेंगी। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं। पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे। टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:-

**पूल ए:**- पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु

**पूल बी:**- उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र

**पूल सी:**- हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव(

**पूल डी:**- कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश!

डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो को डिवीजन 'सी' में रेलीगेट किया जाएगा। मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

# पाक की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया



**डबलिन, वार्ता।** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही।

हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17-4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। मुनीबा अली को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से अवा कैनिंग और लारा मैकब्राइड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर रविवार रात को खेले गए मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। आयरलैंड की महिला टीम के लिए एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। रमीन शमीम ने गैबी लुईस 22 गेंदों में (36) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद एमी हंटर (29), ली पॉल (11), रेबेका स्टोकेल (पांच) रन बनाकर आउट हुई। आयरलैड की टीम ने निर्धारित 20 ओव. रों में चार विकेट पर 155 रन का स्कोर बनाया। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट 46 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (नाबाद 64) रन बनाये। लॉरा डेलेनी पांच रन बनाकर नाबाद रही। पाक की ओर से फातिमा सना, सादिया इकबाल, वाहिदा अख्तर और रमीन शमीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 2025 में गिल समेत महज दो खिलाड़ी वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

- **न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच हालिया सीरीज में कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में दिखे। उन्होंने 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। इनमें चार शतक शामिल हैं। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

वह इस साल अब तक उन दो खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें इस साल टेस्ट और वनडे, दोनों प्रारूप में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है। उनके अलावा ऐसा करने वाले खिलाड़ी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं। इतना ही नहीं, गिल ने साल 2023 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में भारत के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीता था। फरवरी में खेली गई वनडे सीरीज में गिल ने तीन पारियों में 86.33 की औसत से 259 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड दिया गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 16 विकेट झटके।



इनमें दो पांच विकेट हाल शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड जीता था।

उन्होंने तीन मैचों में नौ विकेट झटके थे। इनमें दो 4 प स शामिल हैं।

## लक्सर पुलिस का 24 घंटे में बड़ा ऑपरेशन: कत्ल की गुत्थी सुलझी

# ट्यूबवेल से पकड़ा गया कातिल दीपक

## एसपी देहात की कमान में हर तरफ घेराबंदी से पुलिस के हत्थे चढ़ा हत्यारा दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के सख्त निर्देश और चौबीसों घंटे की निगरानी में लक्सर पुलिस ने भिक्कमपुर जीतपुर गांव में हुई हत्या का राज 24 घंटे के अंदर खोल दिया। फरार हत्यारोपी दीपक खेतों के बीच बने ट्यूबवेल में छिपा बैठा था, जिसे सघन तलाशी अभियान में दबोच लिया गया।

**एसपी देहात की कमान, चारों ओर घेराबंदी.....मामले** की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डोबाल ने एसपी देहात शेखर सुयाल को ऑपरेशन की कमान सौंपी। विशेष पुलिस टीम ने



आरोपी के भागने के सभी संभावित रास्तों को सील किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर खेतों में लगातार कॉम्बिंग अभियान चलाया।

**सीओ लक्सर ने मोर्चा संभाला.....तलाशी** के दौरान सीओ लक्सर नताशा सिंह मोर्चे पर डटी रहीं। गांव-गांव जाकर टीमों को



दिशा-निर्देश दिए। दबाव बढ़ने पर आरोपी अलावलपुर चौक के पास ट्यूबवेल में दबका मिला और वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया।

**बहस से शुरू, हत्या पर खत्म....**9 अगस्त की रात मृतक राजेश के बुलावे पर दीपक शराब पीने उसके घर पहुंचा। पुराने विवाद के चलते कहासुनी हुई। राजेश द्वारा आरोपी के पिता पर

### खून से सनी कमीज व मोबाइल बरामद

अपशब्द कहने और घर से निकलने को कहने पर दीपक ने गुस्से में घर से डंडा लाकर राजेश के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। अस्पताल ले जाते समय राजेश की मौत हो गई। आरोपी वारदात के बाद उसका मोबाइल भी ले गया।

**झोपड़ी में बिताई रात, प्लान था फरार होने का.....** हत्या के बाद दीपक खेतों के रास्ते भागकर पास की झोपड़ी में रात भर छिपा रहा। अगले दिन ट्यूबवेल में दुबककर लोगों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए भागने का मौका तलाश रहा था। आरोपी दीपक पुत्र रामअवतार, निवासी भिक्कमपुर जीतपुर, लक्सर को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

**पुलिस टीम में शामिल.....** प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण, एसएसआई मनोज गैरोला, उपनिरीक्षक नवीन चौहान, उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह, हेडकांस्टेबल रियाज अली, हेडकांस्टेबल विनोद कुण्डलिया, कांस्टेबल अजीत तोमर, कांस्टेबल अमित रावत, कांस्टेबल रघुनाथ पंचपाल, कांस्टेबल संजय पंवार, कांस्टेबल विनय थपलियाल व कांस्टेबल रवि राय।

# लंढौरा के दो धार्मिक स्थलों में नकदी व सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चोरों ने लंढौरा में दो धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते हुए नकदी व सामान चोरी कर लिया। दोनों धार्मिक स्थलों की देखरेख करने वालों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने लंढौरा में दो धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते हुए नकदी व सामान चोरी कर लिया। लंढौरा स्थित पक्के बाग में एक प्राचीन मंदिर है। इसी से कुछ दूरी पर ही बाबा सय्यद सौद्दे अली शाह का पीर है। रविवार देर रात को चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़ कर मंदिर के अंदर लगा घंटा, नागराज और लाइट चोरी कर ली है। मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित पीर के बराबर में बने कमरे की दीवार तोड़कर चोरों ने तीन बर्तन, छह टब और कुछ लोहे का सामान चोरी कर लिए है। मंदिर और पीर की देखरेख करने वाले संजय शर्मा और इकराम का कहना है कि धार्मिक स्थलों के गल्ले के ताले तोड़ कर कुछ नकदी भी चोरी की गई है। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार हो रही बारिश से महमूदपुर के राप्रावि की चारदीवारी गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कई दिन से हो रही बारिश के चलते कलियर नगर पंचायत के महमूदपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय की चहारदीवारी अचानक गिर गई। सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर शहजाद ने मौके पर पहुंचकर हल्का लेखपाल भावना सैनी को सूचना दी।

प्रधानाध्यापक मास्टर यूनुस ने बताया कि कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण रविवार रात को राजकीय प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर की चहारदीवारी अचानक गिर गई। सोमवार सुबह आकर देखा तो विद्यालय को चाहरदीवारी गिरी पड़ी है।उन्होंने इसकी सूचना वार्ड सभासद को दी।सूचना पर



सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर शहजाद ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना लेखपाल को दी। मौके पर पहुंची लेखपाल भावना सैनी ने घटना का मौका मुआयना कर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी।प्रधानाध्यापक ने इस घटना की सूचना शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी है।सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर शहजाद ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द नई दीवार का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।

# विकास निधि से फूल फल और सब्जी के लिए तैयार कर सकते हैं पॉलीहाउस

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** यदि आप फल, फूल और सब्जी की खेती करने के इच्छुक हैं तो आप पॉलीहाउस का सहारा ले सकते हैं। पॉलीहाउस के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि में 80% की छूट किसानों को मिल पाएगी। आधार कार्ड, खसरा खतौनी, पासबुक, चेक आदि कागजात लेकर उद्यान विभाग में संपर्क कर सकते हैं।सरकार का उद्देश्य है कि किसानों की आय दोगुनी की जा सके। ग्रामीण ढांचे के विकास के लिए तमाम योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है। इन्हीं योजनाओं में रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड नाबार्ड योजना में मिल रहा है। ताकि यदि कोई किसान 50 से 500 स्क्वायर मीटर में अपने मनपसंद फूल, फल और सब्जी की खेती करना चाहता है तो वह पॉलीहाउस तैयार कर सके। ताशीपुर, कलियर और अकबरपुर झोझा में पॉलीहाउस तैयार हो रहे हैं। उद्यान पर्यवेक्षक अनय सिंह ने बताया कि पॉलीहाउस तैयार करने की लागत में 20% खर्चा किसान को वहन करना है। जबकि 80% नाबार्ड योजना के तहत किसान को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पॉलीहाउस का उपयोग करने से किसानों को कई लाभ होते हैं। जिनमें बेहतर फसल, बेहतर गुणवत्ता, और कीटों और बीमारियों से सुरक्षा शामिल हैं। पॉलीहाउस एक नियंत्रित वातावरण प्रदान करता है, जो किसानों को पूरे वर्ष फसल उगाने की अनुमति देता है, भले ही बाहर का मौसम कैसा भी हो। पॉलीहाउस में तापमान, आर्द्रता और प्रकाश को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे पौधों के विकास के लिए इष्टतम स्थितियां बनती हैं। इससे खुले खेत की तुलना में तीन से चार गुना अधिक उपज मिलती है।

# आईएएस दीपक रामचंद्र ने संभाला रुड़की जेएम का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईएएस दीपक रामचंद्रन सेठ ने सोमवार को जॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की का कार्यभार संभाल लिया है। चार्ज संभालने के बादज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने परिवार के साथ गंगाआरती में शामिल होकर शांति, सुख समृद्धि व जन कल्याण कीकामना करते हुएगंगा मां का आशीर्वाद लेकर कार्य की शुरुआत की । जन्माष्टमीने कार्यभार ग्रहण करते ही अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर उन्हें भी साफ हिदायत दिए कि काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगीपीड़ितों को इंसाफ दिलाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है तो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना व विकास की योजनाओं को धरातल पर उतरना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।



आज रूड़की के गंगा घाट पर नवागत संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेठ आईएएस ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत गंगा आरती में सहभागिता की।मां गंगा के दिव्य आशीर्वाद के साथ उन्होंने नगर की शांति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी नवागत संयुक्त मजिस्ट्रेट का हार्दिक स्वागत किया।

# एनसीसी प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में दस दिवसीय प्री थल सेना शिविर-प्रथम का आयोजन फोनिक्स विश्वविद्यालय, रुड़की में किया जा रहा है। कैंप में प्रतिभाग करने हेतु बटालियन के 452 कैडेट्स व प्री थल सेना शिविर में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखंड राज्य से 99 चयनित कैडेट्स पहुंचे हैं ।

शिविर का शुभारंभ आज ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी द्वारा किया गया, कैंप में उपस्थित सभी 551 एनसीसी कैडेटस को प्रोत्साहित करते हुए ब्रिगेडियर महोदय ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं व शिविर में आयोजित गतिविधियों को कैडेट के व्यक्तित्व में अत्यंत प्रभावी होना बताया गया। ब्रिगेडियर भंडारी द्वारा कैडेट्स को फायरिंग प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने हेतु कहा गया और बताया गया कि यह एक ऐसी विद्या है जो सारा जीवन आपके काम आएगी, एक अनुशासित सिपाही को जीवन में बंदूक चलाना जरूर आना चाहिए। कैम्प कमांडेंट ले कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि कैडेट्स को इस कैंप में ड्रिल, मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, जेडीऑफअास व हेल्थ एंड हाइजीन आदि के बारे में विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी व इसके उपरांत उत्तराखंड राज्य के चयनित दल द्वारा थल सेना कैम्प, नई दिल्ली द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस कैम्प में कैडेट्स को शारीरिक व मानसिक रूप से जांचा परखा जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट कैप्टन आलोक कण्डवाल,कैम्प अदजुडेंट कैप्टन धर्म सिंह, कैंप क्वार्टर मास्टर सेकंड ऑफिसर पारस कुमार, सेकंड ऑफिसर आलोक भूषण, मीडिया प्रभारी थर्ड ऑफिसर अरुण कुमार, थर्ड ऑफिसर अनुज कुमार, सीटीओ उपासना, हवलदार सुरजीत सिंह, हवलदार विनोद, हवलदार संदीप, ईएसम सतेंद्र सिंह, ईएसम सुबोध कुमार, सुनील भाई, सुभाष, राजवीर, वाहन चालक विमल कुमार, रोहित कुमार डिमरी, अरुण यादव, अनुज गिरी, राकेश, लोकेंद्र, रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में लक्सर व मंगलौर में किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर/लक्सर।** विधुत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर मंगलौर विधुत विभाग के एसडीओ कार्यलय के बाहर उत्तराखंड किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर सरकार और विभागीय अधिकारियों को चेताया कि अगर उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाने के प्रयास किया तो किसान इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नही करेंगे चाहे उन्हें इस के लिए बड़ा आंदोलन ही क्यो ना करना पड़े आपको बता दे कि सोमवार को उत्तराखंड किसान मोर्चा की तरफ से मंगलौर सहित लक्सर , बहदराबाद, और भगवानपुर के विधुत विभाग के कार्यलयों पर एक साथ भारी संख्या में किसानों का स्मार्ट मीटर लगाए जाने को विरोध किया गया है वही मंगलौर एस डी ओ गुलशन बलूनी ने कहा कि अभी स्मार्ट मीटर सिर्फ नए कनेक्शन पर लगाये जा रहे है किसानों अभी किसी तरह की कोई दिक्कत नही है।

**वहीं लक्सर तहसील** क्षेत्र के किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग लक्सर के कार्यालय पर धरना देते हुए कहा कि क्षेत्र में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे किसान मोर्चा के नेताओं के द्वारा बताया गया कि किसानों का गन्ने का भुगतान 1 साल में आता है और स्मार्ट मीटर लगातार चलता रहता



है उसमें किसान कैसे बिल जमा करेगा किस तरह से बिजली जलाएगा इसीलिए लक्सर क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है जो किसान अपनी फसल को भी नहीं बचा सकते वह स्मार्ट मीटर का पूरा कैसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की तर्ज पर किसानो की ट्यूवेल की बिजली माफ होनी चाहिए जो सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर आम जनता को बिजली विभाग के कर्मचारी लूट रहे हैं वह बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा अगर यह लूट बंद नहीं की गई तो हम मजबूर होकर तहसील स्तर जिला स्तर या प्रदेश स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे उसमें चाहे हमें कितना भी जोर लगाना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे क्योंकि यह किसान मजदूर की इज्जत का सवाल है। अधिशासी अभियंता विद्युत खंड लक्सर देवेंद्र कुमार ने कहा कि जो किसानों के द्वारा दिया गया पत्र है उसको उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें सतवीर प्रधान तहसील अध्यक्ष सतवीर चौधरी दुष्यंत चौधरी नरेंद्र कुमार जसवीर सिंह विशाल अध्यक्ष सतीश प्रधान पप्पू सिंह आशू कुमार सोनू प्रधान सुशील कुमार राजवीर दाबकी संजय मैनपाल नेत्रपाल अनूप कुमार आदि कई दर्जन किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक नशा तस्कर दबोचा, 7.30 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस ने एक आरोपी को 7.25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चौकी प्रभारी बलबीर सिंह डोभाल ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम सैदपुरा जाने वाले रास्ते पर गई तो वहां पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोका तो वह तेजी से भागने लगा। जिसे कुछ दूरी पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी को चेक किया तो उसके कब्जे से 7.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान बबलू निवासी ग्राम कुरडी के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

# झगड़ा कर रहे 11 को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में झगड़ा करने के आरोप में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है। कार्यवाहक रफत अली ने बताया रविवार की शाम पुलिस टीम ने झगड़ा करने के मामले में सुरेश पाल पुत्र गौतम प्रसाद, अंकुर कुमार पुत्र राजवीर सिंह, गुरविंदर कश्यप पुत्र रिशिपाल, हिमांशु पुत्र राजवीर, आदित्य पुत्र राजवीर, प्रशांत कुमार पुत्र ऋषि पाल, निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर जट्ट, आशिफ पुत्र कल्लू, आसकार पुत्र कल्लू, नासिर पुत्र रिजवान, साकिब पुत्र रिजवान, शेख उर्फ लकी पुत्र शाहिद निवासीगण ग्राम टांडा भन्हेंड़ा को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।


### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नवाब का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने नवाब को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है आज के बाद नवाब के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**अजीज पुत्र अशरफ नि. कटारपुर, अलीपुर, मिस्सरपुर थाना पथरी जिला हरिद्वार।**


# नर सेवा ही नारायण सेवा है को अपने जीवन में साक्षात करें : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक धराली में हुए दैवीय आपदा एवं स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व के संबंध में रविवार शाम को धर्मशाला में आयोजित की गई। समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं रुड़की के प्रथम राज्य आंदोलनकारी हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि धराली का हादसा बहुत ही भंयकर हादसा है हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम धराली पीड़ितों के लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है के भाव को साक्षात करत हुए जितना भी हो सके आर्थिक सहयोग करना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिवानन्द बुडाकोटी ने कहा कि जो इस हादसा में दिवंगत हुए उन्हे तो वापिस नहीं ला सकते परन्तु जितने इस हादसे में जीवित है जो अपना सब कुछ खो चुके उनकी हमें कुछ न कुछ आर्थिक सहायता करनी चाहिए। महामंत्री शिव चरण बिंजोला,मन्त्री विजय सिंह पंवार , संपति मंत्री दिगम्बर सिंह नेगी,आदर्श शिवाजी कालोनी अध्यक्ष गौर सिंह भण्डारी, शिवाजी कालोनी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट पूर्व अध्यक्ष देव सिंह सावंत महिला अध्यक्षा नन्दा ऐरी, कीर्ति नगर अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, राज विहार कालोनी अध्यक्ष इन्द्र पाल सिंह गुसाई,ने कालोनियों से इस आपदा के लिए अधिक से अधिक धन संग्रह का आश्वासन दिया।श्री शेर सिंह पटवाल जी ने अधिक से अधिक सहयोग पर जोर दिया।

# पुलिस ने चेकिंग में तमंचे सहित युवक दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने एक आरोपी को देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम पुलिस ने देवबंद निवासी युवक को देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। मंगलौर चौकी पर तैनात कनिष्ठ उप निरीक्षक गजपाल राम टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के कब्जे से एक देसी तमंचा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम गौरव सिंह बताया।

## नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चार्ज संभालते ही आए एक्शन में

# वक्फ बोर्ड सीईओ के साथ उर्स/मेला की तैयारियों को लेकर अधीनस्थों के साथ बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दरगाह साबिर पाक के 757 वे सालाना उर्स/मेले की तैयारियो को लेकर नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचन्द्र सेट ने वक्फ बोर्ड सीईओ समेत अन्य अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मिलकर एक बैठक की। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने उर्स/मेले की तैयारियो को लेकर जल्द ही धरातल पर कार्यों को उतारने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचन्द्र सेठ ने सोमवार को उर्स/मेले की तैयारियो को लेकर अपने कार्यालय में एक बैठक की। बैठक में आगामी दिनों में होने वाले दरगाह साबिर पाक के सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर वार्ता हुई। वही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचन्द्र सेट ने उर्स के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तृत से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि देश-विदेश से आने वाले जायरीन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नवनियुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचन्द्र सेट ने कहा कि उर्स/मेले व्यवस्थाएं उच्च स्तर से कराई जा रही हैं। उर्स/मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ आने की आशंका



जताई जा रही हैं। जिसके मद्देनजर सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। बैठक में वक्फ बोर्ड सीईओ सैय्यद सिराज उस्मान, तहसीलदार विकास अवस्थी, दरगाह प्रबंधक रजिया, नगर पंचायत ईओ कुलदीप सिंह चौहान समेत अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## भगवानपुर इंडस्ट्रीज में 70% स्थानीय भर्ती की मांग को लेकर

# मशकूर राणा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मशकूर राणा ने आज भगवानपुर क्षेत्र के उद्योगों में 70% स्थानीय लोगों की भर्ती सुनिश्चित करने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

मशकूर राणा ने बताया कि सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार किसी भी उद्योग में 70% भर्ती स्थानीय लोगों से होनी चाहिए, किंतु भगवानपुर के कई उद्योग इस नियम का पालन नहीं



कर रहे हैं। इससे क्षेत्रीय युवाओं में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। भगवानपुर इंडस्ट्रीज में 70% स्थानीय लोगों की प्राथमिकता के साथ भर्ती। कानून का पालन न करने वाले उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई। स्थानीय भर्ती से क्षेत्रीय विकास और आर्थिक सशक्तिकरण। प्रदेश अध्यक्ष मशकूर राणा ने कहा हमारा संगठन क्षेत्रीय युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यदि उद्योग स्थानीय लोगों को रोजगार देंगे, तो इससे न केवल बेरोजगारी घटेगी बल्कि हमारे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

उप जिला अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और कानून का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

# विपक्ष का मार्च

मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखाई दिया। विपक्ष ने एकजुट होकर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संसद से अपने मार्च का आगाज किया। उसको चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन चुनाव आयोग के कार्यालय जाने से पूर्व ही लगभग 300 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। यह अलग बात है कि उन्हें दो घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। महिलाएं सांसद विशेष रूप से कुछ ज्यादा ही उग्र दिखाई दी। प्रियंका डिम्पल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रही थी। टीएमसी की दो सांसद तो बेहोश भी हो गई। सांसद मिताली बाग और मऊआ मोइत्रा की तबियत अचानक बिगड़ गई।

विपक्ष जिस तरह आज एकजुट दिखाई दिया, उससे साफ दिखाई दिया कि यह मामला समाप्त होने नहीं जा रहा है, बल्कि हो सकता है कि यह आने वाले समय में और उग्र हो जाए। समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग हठधर्मिता से काम लेता क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने जो फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डाटा जारी किए हैं, उनकी जांच करने के बजाए वह उन्हीं से शपथ पत्र मांग रहा है। राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सही है कि वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करें, यह चुनाव आयोग का डाटा है मेरा नहीं। सीधी सी बात है कि चुनाव आयोग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है, ऐसा राहुल गांधी का कहना है।

अगर चुनाव आयोग का यही रवैया रहा तो उसको समझना होगा कि उसकी साख बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। लो. कतंत्र में साख बहुत मायने रखती है और जब किसी संस्था की साख ही खराब हो जाए तो उसकी सारी कवायद पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बात विपक्षी दलों की नहीं है, सुप्रीम कोर्ट में भी उसका अड़ियल रवैया दिखाई दिया। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में उन 65 लाख नामों के विषय में जानकारी देने से इन्कार कर दिया, जिसकी जानकारी कोर्ट ने मांगी थी और तर्क दिया कि चुनाव आयोग को कोर्ट में इस तरह की जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट को भी इस पर यहां तक कहना पड़ गया कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम न आंके। मतलब साफ है कि अब चुनाव आयोग सुलह-सफाई का रास्ता छोड़ टकराव की राह पर चलता दिखाई दे रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। चुनाव आयोग पर यूं तो काफी समय से सत्ता पक्ष के रूप में काम करने के आरोप लग रहे थे और अब तो बिल्कुल हद ही हो गई। चुनाव आयोग इस समय एक पार्टी बनकर खड़ा हो गया है। जबकि उसको किसी की भी पार्टी न ही बनना है और बनते हुए दिखाई देना है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी बार-बार चिल्ला रहे हैं, वह मात्र कोई एक सांसद नहीं हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष हैं और लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का अपना एक संवैधानिक वजूद होता है। ऐसे में उनके आरोपों को एक सिरे से खारिज कैसे किया जा सकता है। लोकतंत्र का तकाजा यही है जो सवाल राहुल गांधी ने उठाए हैं, उनका जवाब चुनाव आयोग दे। राहुल गांधी ही नहीं पूरा देश इस पूरे मामले की सच्चाई को सामने आते देखना चाहता है।

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ साहब आखिर कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं, दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है, राज्यसभा के कुछ सदस्य पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए, उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है, राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।

-संजय राउत

सांसद शिवसेना ( उद्धव गुट )

# शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया ‘अनुसंधान केंद्र’

कभी सर्फिंग और पर्यटन के लिए मशहूर हिंद महासागर का फ्रांसीसी रीयूनियन द्वीप आज एक अलग ही वजह से वैज्ञानिकों का ध्यान खींच रहा है - शार्क हमलों का खतरा। हमलों का सिलसिला फरवरी 2011 में शुरू हुआ थी अगले आठ सालों में इस द्वीप के आसपास शार्क ने 30 लोगों पर हमला किया, जिनमें से 11 की मौत हो गई। इन हमलों के चलते इस द्वीप को ‘शार्क द्वीप’ या ‘शार्क संकट’ कहा जाने लगा।

हमलों के चलते समुद्र तट बंद कर दिए गए, सर्फिंग और तैराकी पर रोक लगा दी गई। पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन इसी संकट ने वैज्ञानिक शोध का एक मौका भी दिया। फ्रांस सरकार ने शार्क के व्यवहार को समझने, तटों की सुरक्षा बढ़ाने और नई तकनीकें विकसित करने के लिए करोड़ों यूरो का निवेश किया। रीयूनियन द्वीप शार्क अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

**शार्क हमलों को समझना**

शार्क की संख्या और उनकी गतिविधियों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए इन हमलों का कोई कारण समझ नहीं आ रहा था। तब फ्रांस सरकार ने CHARC नामक एक रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो प्रमुख शार्क प्रजातियों - बुल शार्क Carcharhinus leucas एवं टाइगर शार्क Galeocerdo cuvier पर केंद्रित था, जो ज्यादातर हमलों के लिए जिम्मेदार मानी गई थीं। मकसद था इनके व्यवहार, प्राकृतवास और आवाजाही को समझना, ताकि भविष्य में ऐसे टकरावों को रोका जा सके।

CHARC प्रोजेक्ट से कई अहम जानकारियां मिलीं। वैज्ञानिकों ने पाया कि टाइगर शार्क एक तय मौसम में ही आती थीं और उन्हें गहरा पानी पसंद है। दूसरी ओर, बुल शार्क साल भर मौजूद रहती थीं और अक्सर तट के बेहद करीब तक आ जाती थीं।

**हमलों का कारण**

इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी।

इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं। यही तट सर्फरों के बीच भी सबसे लोकप्रिय थे।

शार्क हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कुछ अन्य कारण भी हैं। जैसे, 2007 में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए एक समुद्री संरक्षण क्षेत्र बनाया गया था। इससे मछलियों की संख्या बढ़ी जो शार्क का भोजन हैं। साथ ही, 1990 के दशक के मध्य में मेडागास्कर द्वीप में विषैला संक्रमण फैलने से शार्क का मांस बेचना बंद कर दिया गया। इससे शार्क पकड़ने में कमी आई, और उनकी संख्या बढ़ने लगी। यानी शार्क संकट पर्यावरणीय बदलाव, इंसानी गतिविधियों, और शार्क की स्थानीय स्थिति को ठीक से न समझने का मिला-जुला परिणाम था।

**बचाव के नए प्रयास**

जनता के बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने 2016 में शार्क सुरक्षा केंद्र की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना था जिससे शार्क हमले कम हों, लेकिन समुद्री पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दिशा में एक बड़ा कदम इलेक्ट्रिक डेटरेंट्स था। ए पहनने योग्य उपकरण होते हैं जो बिजली के हल्के झटके छोड़ते हैं जिससे शार्क दूर रहती है। उपकरणों की जांच में नतीजे मिले-जुले रहे। एक उपकरण 43 प्रतिशत मामलों में कारगर रहा, बाकी उससे भी कम मामलों में। फिर आशंका इस बात की भी थी कि समय के साथ शार्क इन झटकों की आदी हो गईं तो? फिर भी इन निष्कर्षों के आधार पर नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब रीयूनियन में कुछ क्षेत्रों में सर्फिंग करने वालों को इलेक्ट्रिक डेटरेंट पहनना अनिवार्य है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग भी शार्क की निगरानी के लिए किया गया, लेकिन यहां की गंदी और गहरे रंग की रेत के चलते ड्रोन से शार्क को पहचानना मुश्किल था। विकल्प के रूप में पानी के अंदर एआई तकनीक से लैस कैमरे, गोताखोर और समुद्री जाल जैसी रक्षात्मक व्यवस्थाएं भी आजमाई गईं। दुनिया भर में जो एक तकनीक सबसे खास रही, वह थी SMART



ड्रमलाइन Shark Management Alert in Real Time इसमें चारा लगे हुक होते हैं जो शार्क को पकड़ते हैं, लेकिन जैसे ही कोई जीव फंसता है, यह उपकरण सैटेलाइट से तुरंत अलर्ट भेज देता है। फिर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर देखते हैं, यदि कोई अन्य जीव फंसा हो तो उसे छोड़ दिया जात है, और अगर शार्क खतरनाक हो तो स्थिति अनुसार उसे मार भी देते हैं। शार्क सिक्यूरिटी सेंटर के निदेशक माइकल होरॉ मानते हैं कि सुरक्षा और समुद्री जीवन संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। अब रीयूनियन प्रशासन का रुख थोड़ा नरम हुआ है। अब वे छोटी टाइगर शार्क को छोड़ देते हैं, और उन्हें टैग कर ट्रैक करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल, 2019 के हमले के बाद से अब तक रीयूनियन द्वीप पर कोई जानलेवा शार्क हमला नहीं हुआ है। द्वीप का समुद्री पर्यटन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। तैराकी पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील दी गई है और दुनिया भर से वैज्ञानिक रीयूनियन आ रहे हैं ताकि इस द्वीप से पूरी दुनिया के लिए कुछ सबक ले सकें।

**एक सबक**

समुद्र जीवविज्ञानी अर्नो गॉथियर कहते हैं कि लोग शार्क को अक्सर दो नजरियों देखते हैं या तो बेचारी के रूप में, या फिर हमलावर के रूप में। लेकिन सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं है। वे समुद्र में स्वतंत्र रूप से विचरने वाले जीव हैं, शायद खतरनाक भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वे हर इंसान को मारने की फिराक में रहते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि हम न सिर्फ शार्क के व्यवहार को समझें बल्कि प्रकृति के कामकाज में टांग अड़ाने के अपने व्यवहार पर भी थोड़ा नियंत्रण करें।

**इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी। इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं।**

**...साभार स्रोत फीचर्स**

# डायबिटीज से लेकर वेट लॉस में काम आएगा यह फल

**अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है ( लगभग 59 ), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है। ध्यान रखने वाली बात- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप ( 50-75 ग्राम ) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।**

अनानास ना सिर्फ एक मस्त और यम्मी फल है, बल्कि यह अपनी बॉडी के लिए एकदम सुपरफ्रूट जैसा है। इसमें इतने सारे विटामिन, मिनरल्स और मस्त-मस्त चीजें हैं कि यह दिल की बीमारी, शुगर, लिवर और मोटापे जैसी प्रॉब्लम्स को दूर भगा सकता है, जो आजकल इंडिया में बहुत कॉमन है। बस इसको सही तरीके से खाना जरूरी है।

**दिल का अच्छा दोस्त अनानास**

अनानास में ब्रोमेलैन नाम का एक एंजाइम होता है, जो खून को पतला करता है और सूजन कम करता है। रिसर्च बताती है कि यह दिल के दौरे (हार्ट टैक) और स्ट्रोक (पक्षाघात) के चांसेस को कम कर सकता है, क्योंकि यह खून को जमने नहीं देता और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़िया रखता है। इसमें विटामिन सी भी भर-भर के होता है, जो धमनियों (आर्टरी) को मजबूत रखता है। साथ में पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जो इंडिया में 3 में से 1 अडल्ट के लिए एक बडी प्रॉब्लम है।

**क्या डायबिटीज वाले खा सकते हैं?**

अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है (लगभग 59), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है।



**ध्यान रखने वाली बात**- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप (50-75 ग्राम) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**लिवर को रखे फिट और फाइन**

अपने इंडियन खाने में तेल और मसाले ज्यादा होते हैं, तो लिवर पर लोड पडना कॉमन बात है, लेकिन अनानास में विटामिन सी, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं। ब्रोमेलैन डाइजेशन को भी सही रखता है, जिससे लिवर पर कम बोझ पडता है। अगर आप इसे रेगुलर खाते हैं, तो यह लिवर को हेल्दी रखने और फैटी लिवर जैसी बीमारी से बचाने में हेल्प कर सकता है।

**वेट लॉस में भी सुपर-डुपर हेल्पफुल**

अनानास में कैलोरीज बहुत कम होती हैं (100 ग्राम में सिर्फ 42 कैलोरी) और यह फैट-फ्री होता है। इसकी नेचुरल मिठास आपको मीठा खाने की क्रेविंग से बचाती है, और फाइबर आपको पेट भरा हुआ महसूस कराता है। ब्रोमेलैन प्रोटीन को भी पचाने में मदद करता है, जिससे बॉडी को फायदे मिलते हैं।

**टिप**- सुबह या दोपहर के स्नैक में लगभग एक कप (150 ग्राम) अनानास खाना सही है, बस इस बात का ध्यान रखना कि यह आपकी डेली डाइट का हिस्सा हो।

**...साभार प्रभा**

# कहीं पैसों की वजह से बिखर न जाए रिश्ता

रिश्ते में सिर्फ प्यार, परवाह और आकर्षण ही काफी नहीं होता। पैसे भी एक अहम हिस्सा होते हैं। अक्सर लोग इस बारे में बात करने से बचते हैं और यहीं से मुश्किलें शुरू होती हैं। यह सच है कि पैसा मायने रखता है, खासकर जब आप किसी के साथ अपनी जिंदगी बिता रहे हों। कई बार पैसों की वजह से अच्छे-खासे रिश्ते भी टूट जाते हैं। इसलिए यह समझना बहुत जरूरी है कि एक मजबूत रिश्ते के लिए आर्थिक समझदारी भी उतनी ही अहम है, जितनी बाकी सब कुछ।



**खर्चों को मैनेज करने के आसान तरीके**

1. **50-50 बंटवारा**

यह सबसे आसान तरीका है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई लगभग बराबर हो। इसमें आप दोनों साझा खर्चों (जैसे किराया, खाने-पीने का सामान, इंटरनेट) में आधा-आधा हिस्सा देते हैं। यह तरीका उन लोगों के लिए सही है जो चाहते हैं कि सब कुछ बराबर रहे। आप एक जॉइंट अकाउंट बना सकते हैं या एक-दूसरे को आधा पैसा दे सकते हैं। लेकिन, अगर एक की कमाई बहुत ज्यादा है, तो दूसरे को यह बंटवारा सही नहीं लगेगा और उस पर दबाव भी पड सकता है।

2. **कमाई के हिसाब से बंटवारा**

यह तरीका ज्यादा सही है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई में बड़ा अंतर हो। इसमें खर्च को आपकी कमाई के हिसाब से बांटा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कुल कमाई में आपका हिस्सा 40 प्रतिशत है और आपके पार्टनर का 60 प्रतिशत, तो आप खर्च का 40 प्रतिशत देंगे और वे 60 प्रतिशत देंगे। यह एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें कोई दबाव नहीं होता। पर इसके लिए आपको एक-दूसरे को अपनी कमाई खुलकर बतानी होगी।

3. **सब कुछ एक साथ**

अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।

4. **तुम यह, मैं वह**

इस तरीके में आप हिसाब-किताब नहीं करते, बल्कि खर्चों को बांट लेते हैं। जैसे, एक किराया देता है और दूसरा बाकी सामान का खर्च उठाता है। यह बहुत आसान लगता है और आपको बार-बार पैसे देने-लेने का हिसाब नहीं रखना पडता। पर इसका एक नुकसान है कि किराया बाकी खर्चों से ज्यादा हो सकता है, जिससे एक पार्टनर को लग सकता है कि वह ज्यादा दे रहा है। इसलिए समय-समय पर बात करते रहना जरूरी है।

5. **बस साझा खर्चों के लिए**

**अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।**

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो अपनी आजादी पसंद करते हैं। आप दोनों अपनी-अपनी कमाई और खर्च अलग-अलग रखते हैं और सिर्फ साझा खर्चों (जैसे किराया) में ही योगदान करते हैं। इससे चीजें सरल रहती हैं और आपको अपनी पसंद की चीज खरी. दने के लिए किसी से पूछना नहीं पडता।

6. **जब जैसा मन हो**

यह उन कपल्स के लिए है जो ज्यादा प्लानिंग नहीं करते। एक बार आप खाने का बिल भरते हैं, तो अगली बार आपका पार्टनर किराने का सामान ले आता है। यह तरीका शुरुआत में अच्छा लगता है, पर अगर एक को हमेशा ज्यादा देना पड रहा है, तो मनमुटाव हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगे कि ऐसा हो रहा है, तो तुरंत बात करें।

## राजनीति गलियारा

कविता

कमल में खाद पानी डल रहा है, इसलिए फूल खिल रहा है।
हाथी को भर पेट चारे की जगह मूंगफली खिलाई जा रही है इसलिए धीमा चल रहा है।
देख कर हाथी की चाल केतली उफन रही है, जिस वजह से कुछ लोगों की हालत बिगड़ रही है।
बिहारियों की हालत, लालटेन, बांग्ला, तीर, एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे हैं।
एआईएमआईएम जैसे चूजे बिना दिशा के गलियों में दाने तलाश रहे हैं।
नल की हालात भी कुछ ऐसी है की कभी इस घेर, कभी उस घेर, कभी उस घर में कभी इस घर में गढ़ रहा है इसी हाल से नल की जाली चौक हो रही है, पानी के साथ रेट फेंक रहा है।
झाड़ू की भी सीखें मुड़ गई हैं कचरा साफ नहीं हो पा रहा है।
साईकिल चली सड़क पर हर कोई दौड़कर पड़ रहा है हिम्मत है साइकिल वाले की सबका हाथ पकड़ कर बैठा रहा है।
हाथ सज धज कर खड़ा-खड़ा सबको सिर्फ टाटा बाय बाय कर रहा है।
जानता है परेशान क्या करें कहां जाएं सब सोच में खड़े हैं देख कर नीतीश नायडू की चाल है असमझस में पड़े हैं,
पता नहीं ये नेता कहां जाएं कहां बैठे दीन ईमान खो बैठे हैं।
करके गठबंधन यारों के साथ, फिर कुर्सी के लिए संसद के बाहर विरोधियों के खेमे में खड़े हैं।
गुजारिश है आप सभी से इनके झांसे में ना आओ करो विवेक से कम और अच्छी सरकार बनाओ।
छोड़ो राजनीति की दुश्मनी मानवता का दीप जलाओ छोड़कर जाति, धर्म, चक्कर सद्भावना जगाओ रखकर हाथ पर हाथ मिलाकर एक साथ भारत की शान बढ़ाओ भारत की शान बढ़ाओ।

**...सुमेर सिंह धार**
**मेरठ रत्न एवं**
**पूर्व भारतीय सैनिक**



नई दिल्ली। मतदाता सूची के विवादास्पद संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य विपक्षी पार्टियों के सांसद।

# इजरायली हमले में अलजजीरा के पांच पत्रकारों की मौत

## गाजा के मशहूर रिपोर्टर अनस भी मारे गए, इजरायल ने हमास का आतंकी बताया

**गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके**

**अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था**

**गाजा।** इजरायल के हमले में गाजा के अल शिफा हॉस्पिटल में कम से कम 5 पत्रकारों की मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक मारे गए लोगों में रिपोर्टर अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल शामिल थे।

रिपोर्ट के मुताबिक ये पत्रकार हास्पिटल के बाहर लगे प्रेस के एक तंबू में रह रहे थे। इस हमले में कुल 7 लोग मारे गए हैं। हमले के तुरंत बाद इजरायली सेना ने माना कि उन्होंने रिपोर्टर अनस अल शरीफ को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना ने अनस को आतंकवादी बताया और दावा किया कि वह हमास में एक आतंकी सेल के चीफ के तौर पर काम कर चुका था। उसका काम इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर राकेट हमले कराना था। इजरायली सोशल मीडिया हैंडल्स से अनस की यह तस्वीर शेयर की गई। इसमें वह हमास के पूर्व चीफ याह्या सिनवार के साथ है। सिनवार की पिछले साल इजरायली हमले में मौत हो गई थी। मरने से पहले अनस ने शेयर किया गाजा का वीडियो अनस अल शरीफ गाजा से रिपोर्टिंग करने वाले सबसे मशहूर चेहरों में से थे।

अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था। 28 साल के अनस ने मौत से कुछ देर पहले ही एक्स पर इजरायली सेना की बमबारी का वीडियो शेयर किया था। उसके आखिरी पोस्ट में लिखा था कि लगातार बमबारी हो रही है, दो घंटे से गाजा शहर पर इजरायली हमला तेज हो गया है। अनस के पिता की दिसम्बर 2023 में इजरायली बमबारी में मौत हो गई थी। वे जबालिया शरणार्थी कैंप में थे। अनस ने कहा था कि उनका घर के तबाह होने और पिता की हत्या के बावजूद वे जबालिया और उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग जारी रखेंगे। गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। अनस की मौत के बाद गाजा में पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) ने इस पर नाराजगी जताई। सीपीजे ने बयान जारी कर कहा कि वह पत्रकारों की मौ त से हैरान है। सीपीजे की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि बिना सबूत पत्रकारों को आतंकवादी कहना इजरायल की मंशा और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उसके रवैये पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नागरिक होते हैं और उन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, और इसके जिम्मेदार लोगों को कड़ी जा मिलनी चाहिए। फलस्तीनी पत्रकार संघ ने भी इस हमले को 'खूनी अपराध' बताया और इसकी निंदा की है। इजरायल और अल जजीरा के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। इजरायली अधिक. ारियों ने देश में अल जजीरा पर प्रतिबंध लगा रखा है और गाजा में युद्ध के बाद इसके दफ्तरों पर छापेमारी भी की है। कतर अल जजीरा को फंडिंग करता है, हमास नेताओं को शरण देता है। कतर, इजरायल और हमास के बीच बातचीत का केंद्र भी रहा है। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना का बचाव किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी पर कब्जा करना जंग को खत्म करने का सबसे सही और आसान तरीका है। इजरायली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की में भूकंप से एक व्यक्ति की मौत और 29 लोग घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गई थी। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 29 घायल हो गए है। बालिकेसिर में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलि. काया ने पुष्टि की कि भूकंप के झटके से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है, और खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी में आठ मरे, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के पश्चिमी प्रांत गुआयास के सांता लूसिया में रविवार को एक नाइट क्लब के बाहर बंदूकधारियों के एक समूह ने भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें आठ लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदूकधारी रविवार दो कारों में सवार होकर नाइट क्लब पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में शहर के मेयर उबाल्डो उर्कीज़ो का भाई जॉर्ज उर्कीज़ो भी शामिल था।

### सीरिया में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

# पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का पलटवार

## परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत, कहा: हमे सुरक्षा करना आता है

**टेक्सास।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं।

ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था कि भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट किया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।



- आसिम मुनीर ने कहा था: सिंधु पर बांध बना, तो मिसाइल मारेंगे
- सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है

### मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था-कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमे. रिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

- कनाडा में इस पर 300 प्रतिशत तक टैरिफ स्विट्जरलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं
- दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमे. रिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल: जेडी वेंस

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डालर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

# लंदन: फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 532 गिरफ्तारियों की पुष्टि

**लंदन।** लंदन में पुलिस ने एडवोकेसी नेटवर्क फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल 532 लोगों को गिरफ्तार किया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार को अपराह्न एक तक 18 लोग हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि जिन लोगों के विवरण की पुष्टि हो सकी, उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पार्लियामेंट स्क्वायर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में लगभग 500 से 600 लोगों ने भाग लिया और इस दौरान कम से कम 365 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों को 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं' लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए दिखाया गया है।

# फलस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

## न्यूजीलैंड बोला: हम भी विचार कर रहे, 17 दिन में चार देशों ने किया मान्यता देने का ऐलान



- एंथनी अल्बनीज ने गाजा की मौजूदा हालत को दुनिया का सबसे बुरा सपना बताया

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितम्बर में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फलस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि उनका देश भी फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट साल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीन प्राधिकरण (पीए) को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फलस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि पीए ने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजरायल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की। फलस्तीनी प्राधिकरण ने आस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है।

# वॉशिंगटन से सभी बेघरों को हटाएंगे: ट्रम्प



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वाशिंगटन डीसी का साफ-सुथरा रहना जरूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वाशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा। ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर 'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डाक्टर की सुविधा मिलेगी। ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है। इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108